# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। बुधवार 01 अप्रैल-2026 | वर्ष: 11 अंक: 98 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य: ₹3











## अमेरिका को स्पेन के बाद इटली से भी झटका

### ईरान युद्ध में अपनी जमीन के इस्तेमाल से किया इनकार



**रोम।** ईरान के संघर्ष के बीच अमेरिका को स्पेन के बाद अब इटली से भी झटका लगा है। दरअसल, इटली ने तेहरान के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए अमेरिकी विमानों को सिसिली स्थित उसके एक अहम हवाई अड्डे का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार किया है।

रॉयटर्स ने की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में स्पेन के बाद इटली ऐसा सहयोगी देश बना गया है, जिसने अमेरिका को अपनी सैन्य सुविधाओं से वंचित किया है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने अब अब तक इस संघर्ष में सैन्य रूप से शामिल होने की कोई इच्छा नहीं दिखाई है।

इससे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के भीतर भी तनाव पैदा हो गया। इतालवी दैनिक कोरिएरे डेला सेरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने पश्चिम एशिया जाने से पहले सिनोनेला हवाई अड्डे पर कुछ अमेरिकी बमवर्ष विमानों को उतारने की अनुमति मांगी थी। इससे पहले स्पेन ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने का एलान किया।

## ये क्या लिख डाला भाजपा के सीनियर पार्षद राजीव शर्मा ने

# कौन है जो नहीं डरता सौ पार्षदों से




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शब्द अहसास कराते हैं कि दिल के भीतर छिपा राज क्या है। शब्द कई बार लहजों से आगे निकल जाते हैं। लिखे हुए शब्द खुद नहीं बोलते लेकिन वो लोगों की जुबान पर चढ़ जाते हैं। शब्द दूर तक जाते हैं और शब्द कभी मरते नहीं हैं। भाजपा के सीनियर पार्षद और दो बार नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रह चुके राजीव शर्मा ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा लिख दिया कि पूरी भजपा में चर्चा होने लगी। उन्होंने जो शब्द लिखे वो समझ तो सब रहे थे लेकिन बोल कोई नही रहा था। राजीव शर्मा सोशल मीडिया पर आये और उन्होंने लिखा कि कौन है जो नहीं डरता है निगम के सौ पार्षदों से। सोमवार को उन्होंने इस बात को लेकर हैरानी जताई थी कि नामित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह पूर्वक होना चाहिए। उन्होंने निगम की परम्पराओं, परिपाटी का एक सिस्टम बताया था। और मंगलवार को वो सोशल मीडिया पर आये। राजीव शर्मा को बेहतर मालूम है कि जो शब्द वो लिख रहे हैं, उनका अर्थ क्या है और उनकी कारक क्षमता से लेकर मारक क्षमता क्या है। राजीव शर्मा दो बार के निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हैं। कई बार के पार्षद हैं। लैंसडाउन टूर के सारथी हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को सीता विदाई समारोह में राजा जनक का किरदार देने वाले हैं। वो व्यापार मंडल के भी नेता हैं और क्षेत्र की धार्मिक कमेटी के भी नेता हैं। वो खुद एक पत्रकार भी रहे हैं और शब्दों की बात, शब्दों की मार, शब्दों का अर्थ वो बेहतर जानते हैं। इतनी उपाधियों से विभूषित पार्षद राजीव शर्मा ने जब अपने शब्दों को सोशल मीडिया पर आभूषित किया तो उनकी इस पोस्ट से कई जगह रास्ट हुए कई जगह ट्रोल भी हुई।

संदेश यही गया कि आखिर इस पोस्ट में वो किस पर निशाना साध रहे हैं। कहने वालों ने कहा भी कि ये सामुहिक नाराजगी है और हो सकता है कि शपथ ग्रहण समारोह को लेकर नाराजगी हो। बहरहाल ये पोस्ट बहुत चर्चा में रही। क्योंकि राजीव शर्मा एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने इतना सबकुछ लिखने का साहस जुटाया। चर्चा यही होती रही कि आखिर वो किसके बारे में लिख रहे हैं। कहा ये भी गया कि जब वो लिख रहे हैं तो उन्हें जनप्रतिनिधि का नाम भी बताना चाहिए था। वो लिख रहे हैं तो उन्हें थोड़ा और खुलकर आना चाहिए था। आखिर वो शब्दों को लेकर किसके ट्रोल पर थे। कहा ये भी गया कि जब पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा अगर फ्रंट पर आकर लिख देते तो ठीक रहता अगर वो नाम को ही खोल देते तो ठीक रहता। बहरहाल पोस्ट डालने वाले ने पोस्ट डाली और जिन्हें बोलना था वो खुलकर बोले और जिन्हें नहीं बोलना था वो खामोशी से बैठे रहे।

# बीट पुलिसिंग पर फिर गया पुलिस कमिश्नर का ध्यान

**बैठक**

**सूचना तंत्र मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने और अपराध नियंत्रण पर फोकस**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बीट उप निरीक्षकों और बीट पुलिस अधिकारियों के साथ एक अहम व विस्तृत बैठक की। इस दौरान एडिशनल सीपी केशव चौधरी और डीसीपी सिटी/मुख्यालय धवल जायसवाल भी मौजूद रहे। बैठक में बीट पुलिसिंग की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए उसे और प्रभावी बनाने के लिए ठोस रणनीति तय की गई।

बैठक में प्रत्येक बीट उप निरीक्षक और बीट पुलिस अधिकारी के कार्यों का बीटवार आंकलन किया गया। अधिकारियों के रजिस्टरों की बारीकी से जांच की गई और उनमें दर्ज गतिविधियों, सूचनाओं व कार्रवाई की समीक्षा की गई। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीट रजिस्टर केवल औपचारिकता न रह जाएं, बल्कि वे क्षेत्र की वास्तविक स्थिति और पुलिस की सक्रियता का प्रतिबिंब हों। पुलिस कमिश्नर जे रंविदर गौड ने कहा कि अपराध नियंत्रण में सबसे अहम भूमिका मजबूत सूचना तंत्र की होती है। सभी बीट अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय मुखबिर तंत्र विकसित करें, स्थानीय लोगों से नियमित संवाद बनाए रखें और छोटी से छोटी गतिविधि पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि समय पर मिलने वाली सटीक सूचना ही बड़ी घटनाओं को रोकने में निर्णायक साबित होती है।

## अधिकारियों संग ली मैराथन बैठक



### नियमित गश्त और क्षेत्रीय पकड़ पर जोर



करंट क्राइम : बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि बीट अधिकारी अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त करें और हर गतिविधि पर पहली नजर रखें। संदिग्ध व्यक्तियों, नए किरायेदारों, असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि क्षेत्र की पूरी जानकारी रखने वाला बीट अधिकारी ही अपराध पर प्रभावी अंकुश लगा सकता है। बैठक के दौरान कौशांबी थाना क्षेत्र की बीट पुलिसिंग का उदाहरण भी प्रस्तुत किया गया, जहां बेहतर सूचना तंत्र और सक्रियता के चलते अपराध नियंत्रण में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे इसी तरह के मॉडल को अपनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन करें।



### जनसंपर्क बढ़ाने पर विशेष फोकस

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने निर्देश दिए कि बीट अधिकारी आम जनता के साथ संवाद बढ़ाएं, स्थानीय समस्याओं को समझें और उनका समाधान प्राथमिकता पर करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत होगा तो अपराध नियंत्रण की दिशा में और बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### बेहतर कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान

करंट क्राइम : बैठक में यह भी घोषणा की गई कि जो बीट उप निरीक्षक और बीट पुलिस अधिकारी उत्कृष्ट कार्य करेंगे, उन्हें निकट भविष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि अन्य पुलिसकर्मी भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित हों। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा गाजियाबाद पुलिस में बड़ी संख्या में बीट अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपकर बीट प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब इन प्रयासों का असर भी धीरे-धीरे जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। यह बैठक केवल समीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि बीट पुलिसिंग को नई दिशा देने और अपराध नियंत्रण के लिए जमीनी स्तर पर मजबूत रणनीति तैयार करने का एक बड़ा कदम साबित हुई है। आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम देखने की उम्मीद जताई जा रही है।

## दादरी रैली : अखिलेश यादव के मंच पर अमरपाल शर्मा की मौजूदगी बनी सुर्खियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की दादरी में आयोजित बड़ी रैली में गाजियाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी संकेत दे दिए हैं। रैली के दौरान मंच पर उनकी सक्रियता और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ नजदीकी ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। रैली में जहां कई बड़े नेता मंच पर नजर आए, वहीं अमरपाल शर्मा की मौजूदगी खास रही। जब अखिलेश यादव मिहिर भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रहे थे, उस दौरान अमरपाल शर्मा भी मंच पर उनके साथ मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सेल्फी भी ली और संक्षिप्त मुलाकात की। इसे पार्टी के भीतर उनकी बढ़ती पकड़ और सक्रियता के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।



### मंच से मिला संकेत, तैयारी तेज करने का इशारा

करंट क्राइम : सपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अमरपाल शर्मा को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करने का संकेत दिया है। उन्हें क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने के निर्देश भी मिले हैं। इससे साफ है कि पार्टी उन्हें एक बार फिर मैदान में उतारने की तैयारी में है। लोकसभा चुनाव से पहले गाजियाबाद के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में भी अमरपाल शर्मा ने अपनी सक्रियता दिखाई थी। उस दौरान अखिलेश यादव और राहुल गांधी की मौजूदगी में उन्होंने दोनों नेताओं से मुलाकात कर अपनी राजनीतिक सक्रियता का संकेत दिया था। खासतौर पर राहुल गांधी से हाथ मिलाने और अलग से बातचीत ने स्थानीय नेताओं को चौंका दिया था। पार्टी सूत्रों का कहना है कि अमरपाल शर्मा पिछले कुछ समय से लगातार एक्टिव मोड में हैं और अंदरखाने चुनावी रणनीति पर काम कर रहे हैं। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वह किस विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन यह लगभग तय माना जा रहा है कि वह एक बार फिर समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरेंगे। दादरी रैली में उनकी सक्रियता और शीर्ष नेतृत्व से नजदीकी यह संकेत देती है कि गाजियाबाद की राजनीति में अमरपाल शर्मा फिर से एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी भूमिका अहम हो सकती है।

## 13 साल पुराने हत्याकांड में 3 दोषियों को 7-7 साल की सजा

### मजबूत पैरवी और साक्ष्यों के दम पर न्यायालय का फैसला, प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक अहम सफलता हासिल हुई है। थाना विजयनगर क्षेत्र में वर्ष 2013 में हुए हत्याकांड के मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को 7-7 वर्ष के कठोर कारावास और 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गाजियाबाद की अदालत द्वारा मंगलवार को सुनाया गया।

मामला 2013 का है, जब थाना विजयनगर क्षेत्र में वादी के पुत्र पर तीनों आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की बाद में मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में थाना विजयनगर में धारा 304 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय ने ताराचंद, जोगेंद्र और सुरेंद्र तीनों सम्राट चौक, थाना विजयनगर



श्री राजेश चन्द शर्मा, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) | मु0आ0 जितेन्द्र कुमार, पैरोकार कन्विक्शन सेल | आरक्षी देवेन्द्र, पैरोकार थाना विजयनगर

क्षेत्र के निवासी हैं। मामले में सजा दिलाने के लिए पुलिस द्वारा सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। तत्कालीन विवेचक राजेंद्र सिंह चौहान ने साक्ष्य आधारित विवेचना की जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) राजेश चंद शर्मा ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। पुलिस कमिश्नर जे रंविदर गौड के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल ने पूरे प्रकरण की निरंतर मॉनिटरिंग की। इन सभी प्रयासों के चलते अदालत ने आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। गाजियाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और ऑपरेशन कन्विक्शन के माध्यम से ऐसे मामलों में दोषियों को सजा दिलाकर कानून का भय कायम रखा जाएगा।

### अपराधियों को सजा दिलाने में गाजियाबाद पुलिस आगे



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में अपराधियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा हर सप्ताह कन्विक्शन सेल की महत्वपूर्ण बैठक ली जा रही है। इन बैठकों में जिले के प्रमुख और गंभीर मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाते हैं, ताकि आरोपियों के खिलाफ मजबूत पैरवी कर उन्हें सजा दिलाई जा सके। पुलिस कमिश्नर का फोकस केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि न्यायालय में प्रभावी पैरवी के जरिए दोषियों को सजा दिलाना भी प्राथमिकता में शामिल है। इसी क्रम में अभियोजन पक्ष को साक्ष्य मजबूत करने, गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने और केस डायरी को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए जाते हैं। इन नियमित बैठकों का ही असर है कि बीते कुछ महीनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने कन्विक्शन के मामलों में उल्लेखनीय तेजी दिखाई है। कई संगीन मामलों में आरोपियों को सजा दिलाकर पुलिस ने न्याय प्रणाली में अपनी मजबूत पकड़ का प्रदर्शन किया है।

## प्रदेश संगठन के पास पहुंचे वर्ग में रात्रि प्रवास ना करने वाले नेताओं के नाम

## एक क्षेत्रीय पदाधिकारी और एक विधायक ने किया है सिर्फ प्रयास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में संगठन को सर्वोपरि माना जाता है। ये अवधारणा इसलिए भी है कि संगठन कोई व्यक्ति नहीं है बल्कि वो कार्यकर्ताओं का एक समूह है। कार्यकर्ताओं का ये समूह किसी व्यक्ति के रूप में किसी कार्यकर्ता को विधानसभा पहुंचाता है तो किसी को लोकसभा पहुंचाता है। ये संगठन है जो पार्टी के अधिकृत चेहरे को सामूहिक रूप से चुनाव लड़वाता है। एक पूरी टीम चुनाव के मैनेजमेंट को संभालती है। भाजपा की बात करें तो उसकी चुनावी फौज तैयार हो चुकी है। बूथ अगध्यक्ष के साथ मंडल अध्यक्ष तक जो भी चेहरे लगाये गये हैं वो 2027 की चुनावी रणनीति को लेकर लगाये गये हैं। जिले और महानगर की टीम घोषित हो चुकी है। अब क्षेत्र और प्रदेश की टीम घोषित होनी है। वहीं जनता के बीच जाने के निर्देश जनप्रतिनिधियों को भी प्राप्त होचुके हैं। संगठन स्तर पर कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करने के लिए वर्ग प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं। इसमें कार्यकर्ताओं के बीच रहकर जनप्रतिनिधियों को रात्रि प्रवास के निर्देश दिये गये थे। व्यवस्था ऐसी है कि विधायकों को, संगठन के पदाधिकारियों को वर्ग प्रशिक्षण के शिविर रात्रि प्रवास के लिए आवंटित किये गये। वर्ग प्रशिक्षित शिविर को लेकर जनप्रतिनिधियों को रवैया उदासीन रहा है। उन्होंने वर्ग प्रशिक्षण शिविर में भाग तो लिया है लेकिन वो रात्रि प्रवास में कहीं नहीं रूके हैं। सूत्र बताते हैं कि वर्ग प्रशिक्षण शिविर को लेकर और इस प्रशिक्षण शिविर में रात्रि प्रवास पर ना रूकने वाले विधायकों और संगठन पदाधिकारियों की रिपोर्ट प्रदेश स्तर पर भेजी गयी है। यहां पर एक संदेश ये भी दिया गया है कि जब नियम सबके लिए है तो फिर केवल कार्यकर्ता ही क्यों प्रवास करेंगे।





**सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद भाजपा के दो चेहरों ने यहां प्रवास करने वाले रजिस्टर में नाम दर्ज कराया है। ये चेहरे कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि प्रवास पर रूके हैं।**

संगठन के बड़े नेता और जनप्रतिनिधि क्यों नहीं रूकेंगे। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस पूरे मामले में स्थिति को टटोला तो पता चला कि वर्ग प्रशिक्षण शिविर में एक या दो नहीं बल्कि कई जनप्रतिनिधियों ने दूरी बना ली है। कई ऐसे मामले हैं जहां संगठन पर पदाधिकारी रात्रि प्रवास से जूझ रहे हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद भाजपा के दो चेहरों ने यहां प्रवास करने वाले रजिस्टर में नाम दर्ज कराया है। ये चेहरे कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि प्रवास पर रूके हैं। इनमें से एक विधायक हैं और एक क्षेत्रीय टीम में प्रमुख पदाधिकारी हैं। इन दोनों चेहरों ने वर्ग प्रशिक्षण शिविर में रात्रि प्रवास भी किया है और कार्यकर्ताओं के साथ रूके हें। बहरहाल अब रिपोर्ट आला कमान तक पहुंच गयी है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | बुधवार • 01 अप्रैल -2026





# नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़, 8 श्रद्धालुओं की मौत

## मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने किया मुआवजे का एलान, प्रशासन की लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

**हादसा**

**प्रधानमंत्री ने घटना पर दुख जताया और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की है**









**बिहार।** नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 7 महिलाएं शामिल हैं, जिनकी भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

बाकी घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। इस हादसे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की ओर मृतकों के परिजनों के लिए कुल 8 लाख रुपये मुआवजे का एलान किया है। वहीं, घायलों के लिए केंद्र सरकार ने 50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जबकि राज्य सरकार ने घायलों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की है।

### एक-दूसरे के ऊपर गिर गए श्रद्धालु

घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए।

हादसे में कई श्रद्धालु घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर और मेला दोनों को बंद करवा दिया है।

### हर साल उमड़ती है भारी भीड़, अत्यधिक भीड़ के कारण मची भगदड़



मघड़ा स्थित यह मंदिर बिहारशरीफ से करीब 5 किलोमीटर दूर है। शीतला अष्टमी पर यहां विशेष पूजा होती है। परंपरा के अनुसार इस दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता और एक दिन पहले बना ठंडा भोजन माता को भोग लगाया जाता है। इसी कारण हर वर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। हादसे के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी भीड़ के बावजूद पर्याप्त सुरक्षा बल और भीड़ नियंत्रण के इंतजाम नहीं किए गए थे। बताया जा रहा है कि नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर जिले के अधिकांश पुलिस बल की तैनाती अन्य जगहों पर थी।

**दो मृतकों की हुई पहचान :** मृतकों में से अब तक दो की पहचान हुई है। सकुन्त बिहार निवासी दिनेश रजक की पत्नी रीता देवी (50) और नूरसराय के मथुरापुर निवासी कमलेश प्रसाद की पत्नी रेखा देवी (45)। अन्य मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

रेखा देवी के पुत्र ने बताया कि उनकी मां मेला देखने गई थीं। ह्लहजारों की भीड़ थी। सूचना मिलने पर हम पहुंचे और अस्पताल लाए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,

**भगदड़**

**प्रशासन ने मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं**

शीतलाष्टमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मंगला मेला के कारण भीड़ और बढ़ गई थी। इसी दौरान अचानक अफरा-तफरी मच गई और लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शीतला मंदिर हादसे पर शोक जताया और मृतकों के लिए मुआवजे की घोषणा की।

मृतकों को राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से 4 लाख रुपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये (कुल 6 लाख रुपये प्रति व्यक्ति) की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

# बंगाल में फर्जी वोटरों से लोकतंत्र पर खतरा : ममता बनर्जी

**आरोप**

**विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है, जिससे असली वोटरों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।

**फर्जी वोटरों का आरोप :** ममता बनर्जी ने अपने पत्र में कहा कि बंगाल में लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ एक बड़ी साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग हजारों फर्जी फॉर्म-6 आवेदन जमा कर बाहरी लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया वोटर हाइजैकिंग की कोशिश है। उन्होंने दावा किया कि इस तरह की रणनीति पहले महाराष्ट्र और दिल्ली में भी अपनाई गई थी।

**एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल :** ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अभी भी 60 लाख से अधिक वास्तविक मतदाता जांच प्रक्रिया में फंसे हैं, जबकि बड़ी संख्या में फर्जी आवेदन तेजी से स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया के कारण अब तक 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जिसे उन्होंने बेहद चिंताजनक बताया।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि 28 फरवरी 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के बाद कोई नया नाम शामिल न किया जाए।

# ओडिशा में राकेश टिकैत की गिरफ्तारी नहीं हुई : पुलिस आयुक्त

## किसान आंदोलन में शामिल होने भुवनेश्वर गए थे किसान नेता राकेश टिकैत

**अफवाह**

**पुलिस कमिश्नर ने कहा कि टिकैत गेस्ट हाउस में ठहरे हैं और शाम को ओडिशा से रवाना हो जाएंगे**



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में किसान नेता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कटक के पुलिस कमिश्नर ने राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की बात को खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा कि राकेश टिकैत सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरे हैं और आज शाम को ओडिशा से रवाना हो जाएंगे। इससे पहले टिकैत की गिरफ्तारी की बात सामने आई थी।

कटक के पुलिस आयुक्त सुरेश देव दत्ता सिंह ने बताया कि किसान नेता राकेश टिकैत एक किसान संगठन के आमंत्रण पर एक रैली में शामिल होने ओडिशा आए थे। भुवनेश्वर में उनकी गिरफ्तारी की बात पूरी तरह से गलत है। टिकैत एक सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरे हैं और अभी भी वहीं हैं। वे जब भी चाहें यहां से जा सकते हैं। उनकी फ्लाइट आज शाम में है, लेकिन वे उससे पहले भी जा सकते हैं। उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया है।'

पुलिस आयुक्त ने बताया कि किसानों की रैली 31 मार्च को होनी थी, लेकिन अब एक दिन पहले ही यह रैली हो गई है।

रैली के कुछ आयोजकों को जरूर हिरासत में लिया गया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि टिकैत के साथ ही लोकसभा सांसद सुधाकर सिंह की भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रोटोकॉल के तहत उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई गई है।

# 'अध्ययन, साधना और अनुशासन का संगम'

## पीएम मोदी ने सम्राट सम्प्रति संग्रहालय का किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

**गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी मौके पर उपस्थित थे**



**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित भारत विरासत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान गांधीनगर के कोबा तीर्थ में सम्राट सम्प्रति संग्रहालय का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह संग्रहालय शताब्दियों पुराने ज्ञान, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। संग्रहालय में पारंपरिक प्रदर्शनियों के साथ-साथ आधुनिक डिजिटल और ऑडियो-वीजुअल इंस्टॉलेशनों के माध्यम से आगंतुकों, शोधकताओं और विद्वानों के लिए एक समग्र और इमर्सिव अनुभव तैयार किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा मैंने वर्षों से देखा है कि कोबा तीर्थ में अध्ययन, आध्यात्मिक साधना और आत्म-अनुशासन की निरंतर परंपरा कैसे निभाई जा रही है। यहां मूल्य संरक्षित हैं, सांस्कृतिक धरोहर मजबूत है और ज्ञान को पोषित किया जा रहा है। यही तीनों धारणाओं का संगम (अध्ययन, साधना और अनुशासन) भारतीय सभ्यता की नींव बनता है। हमें सभी का कर्तव्य है कि इस पवित्र संगम को सुरक्षित और प्रवाहित रखें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट सम्प्रति संग्रहालय के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि यह संग्रहालय करोड़ों भारतीयों की सांस्कृतिक विरासत और भारत के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि सम्राट सम्प्रति ने शासन के दौरान अहिंसा और सत्य का मार्ग अपनाया, जबकि अन्य कई शासक केवल हथियार और शक्ति का उपयोग करते थे। पीएम मोदी ने आगे कहा यह संग्रहालय इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह महान भारत की पहचान और उसकी समृद्ध संस्कृति को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है।

# टीएमसी विधायक ईडी के सामने पेश

**कोलकाता।** कोलकाता में टीएमसी विधायक देबाशीष कुमार सोमवार को जमीन घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) के सामने पेश हुए।

यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब वे दक्षिण कोलकाता की राशबेहारी सीट से चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या कुमार का किसी कारोबारी अमित गांगोपाध्याय के साथ कोई वित्तीय लेन-देन था। हाल ही में गांगोपाध्याय के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज मिले थे, जिसके बाद कुमार से पूछताछ जरूरी समझी गई।


इस सीट पर 29 अप्रैल को मतदान होना है और 4 मई को नतीजे आएंगे। भाजपा ने यहां से स्वपन दासगुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में चुनावी माहौल के बीच ईडी की कार्रवाई ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। विपक्ष इसे राजनीतिक दबाव बता रहा है, जबकि एजेंसियां इसे नियमित जांच बता रही हैं।

# पेट्रोल-डीजल और एलपीजी पर सख्त निगरानी

## अब तक 17 हजार से अधिक छापे, 224 के खिलाफ मुकदमा

**सख्ती**

**उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर सरकार एक्शन मोड में**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर सरकार एक्शन मोड में है। कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए 12 मार्च से अब तक 17,581 छापेमारी और निरीक्षण किए गए हैं। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि अन्य मामलों में 189 एफआईआर दर्ज कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा 224 लोगों के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई भी की गई है।

मुख्य सचिव स्तर से जारी निदेशों के बाद सभी जिलों में प्रशासन सक्रिय है और फील्ड में लगातार निगरानी की जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर और ईंधन मिल सके।

**घबराहट में ईंधन का भंडारण न करें :** प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति फिलहाल पूरी तरह सामान्य है। राज्य में 12,888 पेट्रोल पंप संचालित हैं। वर्तमान में प्रदेश में करीब 91 हजार किलोलीटर पेट्रोल और 1.15 लाख किलोलीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि घबराहट में ईंधन का भंडारण न करें।

**20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की अनुमति :** एलपीजी की स्थिति भी संतोषजनक बताई जा रही है। सरकार ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दिया है।

वहीं, केंद्र सरकार ने 23 मार्च से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों के 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन की अनुमति भी दी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म में आरोपी को 20 साल की सजा



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने 13 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की सख्त सजा सुनाई है। यह घटना अगस्त 2020 की है, जब आरोपी अजय परिडा ने बच्ची के घर में घुसकर अपराध किया था। उस समय बच्ची के माता-पिता घर पर नहीं थे। आरोपी ने घटना के बाद बच्ची को जान से मारने की धमकी भी दी थी। बाद में जब परिवार को जानकारी मिली, तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई और आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत ने सुनवाई के दौरान 12 गवाहों और 10 दस्तावेजों के आधार पर फैसला सुनाया। आरोपी पर 5 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

# युद्ध पर दलाई लामा ने जताई चिंता, कहा- बातचीत से ही सुलझेंगे मसले

**संदेश**

**दलाई लामा ने जोर देकर कहा कि दुनिया के सभी प्रमुख धर्मों की मूल शिक्षा एक ही है**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इस्राइल, अमेरिका और यूरोप में रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। साथ ही उन्होंने पाम संडे के मौके पर पोप की ओर से की गई शांति की अपील समर्थन किया है। दलाई लामा ने कहा कि हथियारों को डाल देने और हिंसा को पूरी तरह छोड़ देने की यह पुकार उनके विचारों से गहराई को छू गई।

दलाई लामा ने जोर देकर कहा कि दुनिया के सभी प्रमुख धर्मों की मूल शिक्षा एक ही है। चाहे वह ईसाई धर्म हो, बौद्ध धर्म, इस्लाम, हिंदू धर्म या यहूदी धर्म हो, सभी महान आध्यात्मिक परंपराएं हमें प्यार और करुणा का पाठ पढ़ाती हैं। इन सभी धर्मों में सहनशीलता और आत्म-अनुशासन को सबसे ऊपर रखा गया है। किसी भी धर्म की सच्ची शिक्षाओं में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने कहा इतिहास ने हमें बार-बार दिखाया है कि हिंसा हमेशा और अधिक हिंसा को ही जन्म देती है। हिंसा कभी भी स्थायी शांति की नींव नहीं हो सकती। दलाई लामा ने पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्षों पर गहरी चिंता जताई।

# वन्यजीवों का कहर: तीन साल में 523 की मौत, 1,391 घायल

**ओडिशा।** ओडिशा में पिछले तीन वर्षों में वन्यजीवों के हमले गंभीर चिंता का विषय बनकर उभरे हैं। राज्य विधानसभा में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री गणेश राम सिंगखुंटिया ने जानकारी दी कि इस दौरान 523 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1,391 लोग घायल हुए हैं। मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में 175 लोगों की जान गई और 408 लोग घायल हुए। वहीं 2023-24 में मृतकों की संख्या बढ़कर 186 और घायलों की संख्या 445 हो गई। इसके अलावा 2024-25 में 164 लोगों की मौत और 538 लोग घायल हुए हैं।

आंकड़ों के अनुसार, ढेंकनाल वन प्रभाग में सबसे अधिक 92 लोगों की मौत हुई, जबकि अंगुल में 54 लोगों की जान गई। इसके अलावा केओंझर (52), बारिपदा (36), संबलपुर (34) और बोनाई (33) जैसे क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में मौतें दर्ज की गईं।

# मेहराज हत्याकांड : पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर काट दिया पति का गला

**हत्या**

**अवैध संबंधों में बाधक बन रहे मिराज की उसकी ही पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या कर दी**



**अमरोहा ।** अमरोहा के हसनपुर कोतवाली इलाके के पिपलौती कलां गांव में अवैध संबंधों में बाधक बन रहे राजमिस्त्री मेहराज उर्फ मिराज (30) की उसकी ही पत्नी ने प्रेमी और एक अन्य साथी के साथ मिलकर हत्या कर दी। हत्या के मामले में तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल दिया गया है। इससे पहले पुलिस ने दो चाकू व दो मोबाइल भी बरामद किए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी महिला रूही ने पूछताछ में बताया कि वह शादी से पहले से गांव में ही बड़ी बहन के देवर फरमान से प्रेम करती थी, उसी से शादी करना चाहती थी, लेकिन बदकिस्मती से उसकी शादी मेहराज से हो गई, शादी के बाद भी फरमान से प्रेम कम नहीं हुआ।

मेहराज दोनों के बीच संबंधों का राज जान चुका था और वह इसका विरोध करता था। इसलिए मेहराज को रास्ते से हटाने के लिए हत्या की योजना बनाई। दूध में नींद की गोलियां खिलाई और प्रेमी फरमान व बुरावली निवासी अदनान के साथ मिलकर उसकी हत्या करा दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

# भारत-रूस ने मजबूत रिश्तों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच सोमवार को नई दिल्ली में अहम बैठक हुई, जिसमें दोनों देशों ने अपने संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस बैठक को ह्लफॉरेन ऑफिस कंसल्टेशनह्व कहा जाता है और इसमें भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री और रूस की ओर से उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको शामिल हुए। बैठक के दौरान दोनों देशों ने अपने विशेष और रणनीतिक साझेदारी के तहत सभी मुद्दों की समीक्षा की। इसमें व्यापार, सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी बातचीत हुई। इसके अलावा आने वाले समय में दोनों देशों के बीच होने वाली उच्च स्तरीय बैठकों के कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद रुडेंको ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि यह बातचीत सकारात्मक रही और इससे दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। रूस ने भी इस बात पर जोर दिया कि भारत के साथ उसका सहयोग लगातार बढ़ रहा है। भारत और रूस लंबे समय से अच्छे

# केरल चुनाव: राहुल गांधी ने भाजपा-सीपीएम की 'सांठगांठ' पर उठाए सवाल

**चुनावी रैली**

**यह लड़ाई वाम मोर्चा की विचारधारा, यूडीएफ की विचारधारा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की बीच है**



**कन्नूर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। राहुल गांधी केरल के कन्नूर में रैली संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह लड़ाई वाम मोर्चा (सीपीएम) की विचारधारा, यूडीएफ की विचारधारा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की बीच है। पहली बार हम देख रहे हैं कि भाजपा और वाम मोर्चा के बीच गठबंधन हो रहा है। सामान्य तौर पर, किसी वामपंथी दल का किसी अति दक्षिणपंथी दल के साथ गठबंधन करना काफी आश्चर्यजनक होता।

**सबरीमाला के बारे में क्यों नहीं बोलते :** इसके साथ ही उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, ₹जब हिंदू धर्म के तथाकथित रक्षक (प्रधानमंत्री) केरल आते हैं, तो सबरीमाला के बारे में कुछ नहीं कहते।उन्होंने कहा ₹भाजपा मुख्यमंत्री (पिनारयी विजयन) का समर्थन कैसे कर रही है? पहली बात तो यह है कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, मंदिरों, धर्म और देवी-देवताओं की बात करते हैं। लेकिन जब वे केरल आते हैं, तो सबरीमाला मंदिर '१का मुद्दा नहीं उठाते। सीपीएम नेताओं ने सबरीमाला मंदिर से सोना चुराया, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

01 April -26 page 3 31-03-26 10:24 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

 नई दिल्ली | बुधवार 01 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# कुछ अलग बनाया गया है लिंक रोड थाना, फ्रंट में बना वॉटर फाउंटेन गार्डन और मैस के साथ क्रेच का भी रहेगा इंतजाम

**सौंदर्यीकरण**

**थाने में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का भी कराया गया है निर्माण**

**हवालात में बिछाई गई है कारपेट**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत थाना परिसरों को आधुनिक स्वरूप देने और सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में लिंक रोड थाना में व्यापक स्तर पर सुधार और सौंदर्यीकरण किया गया है, जिससे थाना परिसर अब पहले की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और सुविधाजनक नजर आ रहा है। थाना परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास आकर्षक वॉटर फाउंटेन स्थापित किया गया है, जिसके साथ एक सुंदर गार्डन विकसित किया गया है।

इस गार्डन में हरियाली के साथ विभिन्न प्रकार के मौसमी फूल लगाए गए हैं, जो परिसर को प्राकृतिक और शांत वातावरण प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए थाना परिसर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाया गया है, जिससे जलभराव की समस्या को कम करने और भूजल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी। महिला पुलिसकर्मियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए थाना परिसर में क्रेच रूम का निर्माण कराया गया है। इस क्रेच में महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जिससे वे अपनी ड्यूटी के दौरान बच्चों को लेकर चिंतामुक्त रह सकें।



## सौंदर्यीकरण के साथ बढ़ी व्यवस्थाएं






करंट क्राइम : थाने के अंदर भी विभिन्न कक्षों को आधुनिक रूप दिया गया है। थाना प्रभारी कक्ष, मुंशी रूम, हवालात, मिशन शक्ति केंद्र और आगंतुक कक्ष को उन्नत सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। इन सभी स्थानों को एयर कंडीशन युक्त बनाया गया है, जिससे पुलिसकर्मियों और आगंतुकों को बेहतर सुविधा मिल सके। हवालात में भी स्वच्छता और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कारपेट बिछाई गई है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव के अनुसार, थाना प्रभारी रविंद्र पंत के नेतृत्व में थाना परिसर को आधुनिक लाइटिंग और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया है। परिसर में फाउंटेन और प्रतिमा (स्टैचू) लगाने के साथ-साथ फूलों की क्यारियां और गार्डन विकसित किया गया है। पुलिसकर्मियों के विश्राम के लिए एक आधुनिक डॉरमेट्री (विश्राम कक्ष) का निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है, जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।

## 3 अप्रैल को होगा औपचारिक उद्घाटन

करंट क्राइम : लिंक रोड थाना में किए गए इन कार्यों का औपचारिक उद्घाटन 3 अप्रैल को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर थाना परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। साथ ही थाने पर नया साइन बोर्ड भी लगाया जाएगा, जिसमें संबंधित अधिकारियों के नाम अंकित किए जाएंगे। यह पहल पुलिसिंग व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के कार्य वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड के कार्यभार संभालने के बाद से जिले के थानों में सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में लिंक रोड थाना को भी एक बेहतर और आधुनिक कार्यस्थल के रूप में विकसित किया गया है।

# भगवत गुप्ता ने बदल दिया शपथ ग्रहण का ही माहौल कानों तक आ गयी फूलों की माला और बज रहा था ढोल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खुशी होती है जब राजनीति में कोई मुकाम हासिल होता है। कार्यकर्ता को ये महसूस होता है कि उसकी मेहनत, उसके समर्पण का एक ईनाम मिला है। नामित पार्षदों वाली सूचि आ गयी है और बड़ी बात है कि इस सूचि में युवा चेहरों से लेकर वरिष्ठ चेहरों का संतुलन गजब का साधा गया है। युवा ऊर्जा और उमंग से भरपूर हैं तो वरिष्ठों के पास अनुभव का खजाना है। शपथ ग्रहण का मौका एक ऐसा मौका होता है जिसे हर कोई याद रखना चाहता है। जब नगर निगम में शपथ ग्रहण के लिए नामित पार्षदों को बुलाया गया तो सब अपने अपने अंदाज में पहुंचे। कोई घर पर माता-पिता के चरण छूकर निकला तो कोई अपने ईष्ट देव के मंदिर जाकर माथा टेककर आया। लेकिन जब नगर निगम में ये नामित पार्षद पहुंचे तो यहां वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भगवत गुप्ता ने पूरा माहौल ही बदल रखा था। ऐसा लग रहा था कि वो विजयनगर से चुनाव जीतने के बाद सीधे समर्थकों के हुजूम को लेकर नगर निगम आये हैं। मालाओं की संख्या उनके गले में इतनी बढ़ गयी कि कानों तक मालायें आ गयीं। इस उपलब्धि से गद गद भगवत गुप्ता ढोल की धुन पर आगे आगे चल रहे थे, ढोल बज रहा था और समर्थक खुशी से नाच रहे थे। नगर निगम के भीतर और बाहर के लोग भी उन्हें देखने आ गये। क्योंकि 9 पार्षद तो शांति के साथ मेयर कक्ष में पहुंच गये लेकिन ये दसवां चेहरा था तो पूरे नगर निगम में ढोल की गूंज के साथ अपने होने का अहसास करा रहा था। भगवत गुप्ता पूरे माहौल को बदल रहे थे। वो पार्टी के वरिष्ठ औरप्रमुख कार्यकर्ता रहे हैं। एक लम्बी अवधि तक उन्होंने कार्यकर्ता के रूप में काम किया है। उनकी खुशी का एक कारण ये भी था कि वो टिकट की दावेदारी में थे और उन्हें टिकट नहीं मिला था। लेकिन अब पार्टी ने उनके अनुभव, सक्रियता और समर्पण का सम्मान किया है। उन्हें नामित पार्षद बनाया है तो ये चेहरा निगम के भीतर ढोल की थाप के साथ आया है। महसूस कराया है कि जब पार्टी कार्यकर्ता का सम्मान करती है तो कार्यकर्ता के दिल में भी कितनी खुशी होती है।



# कौन से भाजपा विधायक चाहते हैं प्रदेश संगठन में किसी दायित्व पर जाना

## वो चाहते हैं सदन के अतिरिक्त एक सियासी ठिकाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के एक विधायक का मन इन दिनों प्रदेश संगठन में जाने के लिए बेकरार है। विधायक जी पार्ट ऑफ सरकार हैं मगर उनके मन में प्रदेश संगठन वाली जिम्मेदारी के प्रति भी पूरा प्यार है। वो चाहते हैं कि प्रदेश संगठन उन्हें टीम में ले। सूत्र बताते हैं कि भाजपा विधायक ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की टीम में आने के लिए पूरे जोर लगा दिये हैं। उन्होंने अपना बायोडाटा वहां पहुंचा दिया है जहां पहुंचाया जाता है। विधायक जी अब प्रदेश अध्यक्ष वाली टीम में आना चाहते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा विधायक अपना बायोडाटा भी वहां तक पहुंचा दिया है जहां से प्रदेश वाली ताजपोशी के चेहरे बाहर आते हैं।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा विधायक प्रदेश की टीम में आने का पूरा प्लान कर चुके हैं।

और बताया ये जाता है कि प्रदेश संगठन में भी गम्भीरता से उनके नाम पर विचार चल रहा है। संदेश ये दिया गया है कि विधायक या सांसद तो पहले भी टीम में रहे हैं। लिहाजा विधायक जी को टीम में लेने से कोई ऑब्जेक्शन नहीं होना चाहिए। सूत्र बताते हैं कि यहां पर पेंच ये फंस रहा है कि भाजपा विधायक की बिरादरी के दो चेहरे पूरब से आते हैं।

अब अगर विधायक जी को प्रदेश संगठन में ले किया तो वो विधान सभा की पारी के साथ साथ प्रदेश वाली जिम्मेदारी भी निभायेंगे।



### खुद प्रदेश अध्यक्ष भी हैं केन्द्र में मंत्री और मेयर हैं प्रदेश टीम में

करंट क्राइम। भाजपा के एक विधायक प्रदेश टीम में आना चाहते हैं। वो संगठन सर्वोपरि मानते हैं और उनका मानना है कि जनप्रतिनिधियों को संगठन में भी भागिदारी मिलनी चाहिए। सूत्र बताते हैं कि यदि ऐसा होता है तो कोई बड़ी बात नहीं है। ऐसे कई उदाहरण हैं कि जनप्रतिनिधि रहते हुए व्यक्ति को टीम में भी लिया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी खुद सांसद भी हैं और केन्द्र सरकार में मंत्री भी हैं। इसी तरह गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं और मेयर भी हैं। इसी तरह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप प्रदेश सरकार में मंत्री भी हैं और ओबीसी मोर्चा में प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। राजा वर्मा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे है और वो किसान स्मृद्धि आयोग के भी उपाध्यक्ष रहे हैं। ये पद दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री का होता है।

# इधर छपी दैनिक करंट क्राइम में खबर और हो गयी उधर नामित पार्षदों के दिल में संगठन की फिक्र



शपथ लेने के बाद क्यों भूल गये नामित पार्षद महानगर कार्यालय का रास्ता

संगठन सर्वोपरि है तो संगठन से भी रखना चाहिए वास्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में संगठन को सर्वोपरि माना जाता है और कार्यकर्ता को देवतुल्य माना जाता है। ये संगठन की शक्ति है कि जब चाहे निर्वाचित वाले टिकट का मामला हो या फिर नामित वाली कृपा बरसनी हो तो संस्तुति के नाम संगठन से ही जाते हैं। संगठन का प्रोटोकॉल होता है और जनप्रतिनिधि भले ही कैबिनेट में मंत्री हों या निगम में पार्षद हो। वो संगठन की दृष्टि से कार्यकर्ता होता है और कार्यकर्ता के लिए संगठन सर्वोपरि होता है। जब भी किसी को कोई पद मिलता है, कोई दायित्व मिलता है या सरकारी कृपा होती है तो उसके कदमों का मूवमेंट महानगर कार्यालय की ओर होता है। कार्यकर्ता के लिए पार्टी का कार्यालय एक तरह से सियासत वाले देवताओं का मंदिर होता है। लेकिन सोमवार का दिन भगवा परम्पराओं के टूटने का दिन रहा। निगम में बहुत ही साईलेट तरीके से निगम पार्षदों की शपथ हो गई और किसी को पता भी नहीं चला। निगम के पदेन सदस्यों को नहीं बुलाया गया और जो निर्वाचित पार्षद हैं उन्हें भी कोई निमंत्रण नहीं था। चलो ये तो बात नगर निगम की थी और निगम की अपनी कार्य प्रणाली है। लेकिन परम्परा तो संगठन वाली भी टूटी है। निगम पार्षदों ने मेयर के कक्ष में नामित वाली शपथ ली और फिर वो अपने अपने स्थान की ओर रवाना हो गये। ऐसा लगा कि शायद वो शपथ ग्रहण करने के बाद महानगर कार्यालय जायेंगे और संगठन का आभार व्यक्त करेंगे।

संगठन सर्वोपरि होता है और यह सर्वविदित है कि संगठन की संस्तुति नहीं होती है तो फिर कृपा कहीं अटक जाती है। लेकिन सोमवार को तो गजब हो गया और नामित पार्षद संगठन को ही भूल गये। परम्परा ये है कि पार्टी के सांसद पार्टी के विधायक भी चुनाव जीतने के बाद निर्वाचित होने के बाद संगठन कार्यालय पर जरूर आते हैं। यहां औपचारिक रूप से आभार व्यक्त किया जाता है। लेकिन निगम के नामित पार्षद महानगर कार्यालय गये ही नहीं। चर्चा यही होती रही कि या तो नामित पार्षदों को इस संगठन शिष्टाचार का ज्ञान नहीं था या फिर उन्हें ध्यान नहीं था। क्योंकि दस वाली लिस्ट में भाजपा के अति वरिष्ठ कार्यकर्ता भी हैं। इस लिस्ट में एक नाम ऐसा है जो महानगर संगठन में दायित्व पर रहा है। तो ऐसे में पार्षदों का महानगर कार्यालय ना जाना भी चर्चा का विषय बना।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम हमेशा ही राजनीतिक मूवमेंट को लेकर अपडेट रहता है। नामित पार्षदों ने नगर निगम मुख्यालय में शपथ ग्रहण की और इसके बाद वे अपने अपने गनतव्य की ओर चले गये। पहली परिपाटी नगर निगम में टूटी और दूसरी परिपाटी खुद नामित पार्षदों ने तोड़ दी। ये भाजपा संगठन की परम्परा है कि चाहे कोई सांसद बने, एमएलसी बने, विधायक बने या कोई भी दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बने तो वो भाजपा महानगर कार्यालय पर आते हैं। पार्टी का कार्यालय केवल एक भवन नहीं होता है ये पार्टी के कार्यकर्ताओं की आस्था का केन्द्र होता है और कार्यकर्ताओं के लिए एक तरह से ये मंदिर होता है। सोमवार को नगर निगम में नामित पार्षदों ने शपथ ली और वो कोई आभार धन्यवाद तक प्रकट करने भाजपा कार्यालय नहीं गये। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबरको प्रमुखता से प्रकाशित किया और बताया कि ये पार्टी का प्रोटोकॉल है। नामित पार्षदों कों संगठन का आभार व्यक्त करना चाहिए था। ये भी बताया था कि हो सकता है कि गलती से मिस्टेक हो गयी हो लेकिन ये भी बताया थाकि ये परम्पराओं का उल्लघन है। दैनिक करंट क्राइम की खबर प्रकाशित होने के बाद इसका असर दिखाई दिया है। हालाकि ये भी तथ्य है कि भूलने जैसी कोई बात नहीं होनी चाहिए थी। क्योंकि निगम मुख्यालय से भाजपा दफ्तर की दूरी नेविगेशन पर चार किलोमीटर से ज्यादा नहीं है। नामित पार्षद जब महानगर कार्यालय पहुंचते तो सभी कार्यकर्ताओं से परिचय होता वो संगठन का आभार व्यक्त करते और संगठन उनका स्वागत करता, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दैनिक करंट क्राइम की खबर प्रकाशित होते ही इसका असर दिखाई दिया। और मंगलवार को पांच नामित पार्षद भाजपा महानगर कार्यालय पर पहुंचे। इन पार्षदों में प्रदीप चौधरी, अंकुश अरोड़ा, परमजीत सिंह पम्मी और भगवत प्रसाद गुप्ता तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा वर्तमान नामित पार्षद सुनील यादव भी थे। बहरहाल ये एक खबर का असर रहा और ये पांच पार्षद संगठन परम्परा का सम्मान करते हुए नजर आये।

### उन्हें पहनायेंगे माला जिन्होंने नामित बना डाला

करंट क्राइम। नामित पार्षद परम्परा को भूल गये या परम्परा का पता नहीं था। बहरहाल जो कुछ भी हुआ वो गलती से मिस्टेक ही मानी जायेगी। लेकिन सोशल मीडिया पर भी नामित पार्षदों को लेकर ट्रोल वाला सीन रहा। जिसमें कहा जाता रहा कि माला तो ये नामित पार्षद उन्हें पहनायेंगे जो इन्हें नामित बनवाकर लायें हैं, संगठन को ये भला माला क्यों पहनायेंगे।

# 2012 में साहिबाबाद विस में कांग्रेस को 50 हजार वोट मिले थे 2022 में सिर्फ 10 हजार, क्यों घटती गई यह संख्या

सुब्रत भट्टाचार्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश के सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद के गठन के बाद से ही कांग्रेस कहीं भी चुनावी मुकाबले में नहीं दिखी। 2008 में डीलिमिटेशन के बाद साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र का गठन किया गया। 2012 में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर पहली बार चुनाव हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र का ज्यादातर हिस्सा खेकड़ा विधानसभा के तहत आता था। कुछ क्षेत्र गाजियाबाद विधानसभा में आते थे। जब साहिबाबाद का ज्यादातर हिस्सा खेकड़ा विधानसभा में था तब उस समय खेकड़ा विधानसभा सीट से मदन भैया जीतते आ रहे थे। 2012 में पहली बार हुए विधानसभा चुनाव में यह सीट बसपा ने अपने खाते में चली गई थी। बसपा के प्रत्याशी रहे अमरपाल शर्मा को करीब 37 फीसदी वोट मिले थे और दूसरे स्थान पर भाजपा के सुनील शर्मा थे जिन्हें करीब 30 प्रतिशत वोट हासिल हुआ था। पहली बार विधानसभा बनने के बाद साहिबाबाद की सीट पर अमरपाल शर्मा ने धमाकेदार जीत हासिल की थी। उन्होंने दूसरे नंबर पर रहे बीजेपी के सुनील शर्मा से करीब 30000 वोट ज्यादा हासिल किए थे। तीसरे स्थान पर कांग्रेस के सतीश चंद्र त्यागी थे जिन्हें 50,000 और करीब 15% वोट हासिल हुए थे। कांग्रेस को साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के शहरी मतदाताओं का अच्छा खासा वोट हासिल हुआ था। लेकिन 2017 चुनाव में कांग्रेस ने एक सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा जिस कारण कांग्रेस के वोट बैंक में जबरदस्त गिरावट आ गई। 2017 चुनाव में जो साहिबाबाद विधानसभा सीट का दूसरा चुनाव था, बीजेपी के सुनील शर्मा को जबरदस्त वोट हासिल हुए। उन्हें करीब 322000 वोट मिले जबकि दूसरे स्थान पर समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले अमरपाल शर्मा को करीब 100000 वोट हासिल हुए। 2017 के चुनाव में कांग्रेस का वोट बीजेपी में शिफ्ट हो गया था जिस कारण बीजेपी को इस चुनाव में भारी सफलता हासिल हुई थी। वही 2022 में कांग्रेस ने इस सीट पर संगीता त्यागी को उतारा था। संगीता त्यागी को महज 10,000 वोट ही हासिल हासिल हुए। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जप्त हो गई थी। साहिबाबाद विधानसभा सीट के गठन के बाद से ही कांग्रेस यहां अपनी स्थिति मजबूत करने का कोई प्रयास नहीं किया। यह बात और है कि कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज और उनकी बेटी व कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा का निवास स्थान साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में आता है। खुद कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि पार्टी ने कभी भी साहिबाबाद विधानसभा में जमीन मजबूत करने की कोई कोशिश नहीं की। 2012 में सतीश त्यागी के चुनाव लड़ने के बाद से वह क्षेत्र में कभी दिखे नहीं। अभी यही हाल संगीता त्यागी का भी रहा 2022 के चुनाव में प्रत्याशी होने के बाद संगीता त्यागी को क्षेत्र की राजनीति में कभी देखा नहीं गया। अब जब विधानसभा चुनाव होने में 1 साल से कम समय रह गया है साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की सक्रियता नहीं के बराबर है। महानगर कमेटी की ओर से ऐसा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है जिससे यह लगेगी पार्टी 2027 चुनाव में कुछ कर दिखाने की स्थिति में होगी। 2012 में जिस कांग्रेस प्रत्याशी को 50,000 के करीब वोट मिले थे वह धीरे-धीरे घटता गया। 2022 में यह घटकर 10,000 तक रह गया अब 2027 के चुनाव में कांग्रेस यहां प्रत्याशी उतार पाएगी कि नहीं या फिर उसे कितनी संख्या में वोट हासिल होंगे, यह भविष्य के गर्त में है लेकिन ऐसे मौके पर जब सभी राजनीतिक दलों ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है और संगठन को मजबूत देने की कवायद शुरू कर दी है कांग्रेस की ओर से भारती जा रही खामोशी से कार्यकताओं में भारी निराशा पनप गया है। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली विधायक साहिबाबाद से कभी सुरेंद्र गोयल को भारी वोट मिलते रहे थे। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने यहां की पुरानी कॉलोनी में जबरदस्त पकड़ बनाई हुई थी, लेकिन नई कालोनियां बसने के बाद से कांग्रेस यहां से प्राय विलुप्त सी होती गई। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र का ज्यादातर हिस्सा शहरी मतदाताओं से भरा है। यहां शिक्षित और नौकरी पेशा लोगों की संख्या ज्यादा है। साहिबाबाद में बहुत से मतदाता ऐसे हैं जो दिल्ली में नौकरी करते हैं और बाहर से आकर यहां बसे हैं। लेकिन कांग्रेस की ओर से अभी तक ऐसे मतदाताओं से कोई संपर्क तक नहीं किया गया वहीं दूसरी ओर भाजपा लगातार शहरी मतदाताओं के संपर्क में रहती है। साहिबाबाद की इंदिरापुरम वसुंधरा डेल्टा कॉलोनी राजेंद्र नगर शालीमार गार्डन जैसे इलाकों में रहने वाले लोगों का एक वर्ग ऐसा है जो गाजियाबाद की राजनीति से ज्यादा परिचित नहीं है। भाजपा ने इन लोगों से संपर्क कर इन्हें अपनी और करने की रणनीति बनाई जो पूरी तरह से कामयाब रही। राजनीतिक लोगों का कहना है कि शायद कांग्रेस यहां चूक गई है कांग्रेस ने साहिबाबाद के लोगों से संपर्क साधने का प्रयास नहीं किया।



# पार्षद संजय रावत के पुत्र आकाश चौधरी ने पीसीएस परीक्षा में की सफलता हासिल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नामित पार्षद संजय रावत के घर में डबल खुशियां आयी हैं। वो नामित पार्षद बने हैं और बड़ी खुशी ये है कि उनके पुत्र आकाश चौधरी ने पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। आकाश चौधरी ने पीसीएस परीक्षा पास की है और उन्होंने 37 वीं रैंक हासिल की है। संजय रावत के लिए ये सबसे शानदार उपलब्धि है जब उनके पुत्र ने पीसीएस परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। आकाश चौधरी अब पीसीएस अधिकारी हैं और वो ट्रेनिंग के लिए जायेंगे। आकाश चौधरी भाजपा पार्षद संजय रावत के सुपुत्र हैं। अनुशासित और अध्यन्न के साथ उन्होंने ये सफलता प्राप्त की है। बड़ी बात है कि नामित पार्षद संजय रावत को दो बड़ी खुशियां एक साथ मिली हैं। संजय रावत स्वयं भाजपा के एक कार्यकर्ता हैं और हमेशा सौम्य व्यवहार रखते हैं। उनका बातचीत का तरीका हमेशा विनम्र रहता है। भाजपा परिवार के लिए भी ये एक गौरवमयी क्षण है जब एक कार्यकर्ता के बेटे ने एक नामित पार्षद के सुपुत्र ने प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में खुद को साबित करते हुए पीसीएस अधिकारी का रैंक हासिल किया है। इस खुशी के बाद पूरे परिवार में बधाई और शुभकामनाओं का दौर चल रहा है। आकाश चौधरी के साथ साथ उनके पापा संजय रावत और उनकी मम्मी और सभी परिजनों को बधाई और शुभकामनायें मिल रही है। अपने होनहार पुत्र आकाश चौधरी की इस सफलता पर पूरा परिवार गदगद है।





01 April -26 page 4 31-03-2026 10:02 PM Page 1



## संपादकीय

# तकनीक से कमजोर होता दिमाग

अक्सर कहा जाता है कि मनुष्य शरीर के वे अवयव निष्क्रिय हो जाते हैं, जिनका मनुष्य लगातार उपयोग नहीं करता। मानव शरीर की अद्भुत कुदरती क्षमताओं पर भी यही बात लागू होती है। हाल ही में नोबेल पुरस्कार विजेता न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. एडवर्ड मोजर की वह चेतावनी चौंकाती है कि तकनीकी जीपीएस पर बढ़ती निर्भरता से इंसान के मस्तिष्क में स्थित कुदरती जीपीएस की क्षमता कम हो रही है। सदियों से इससे हमारे दिमाग में लक्षित स्थान का नक्शा बनाकर जगह तक पहुंचने में मदद मिलती थी। लेकिन हम रास्ते नहीं खोजते, बस जीपीएस की हिदायतें ही मानते हैं। याद करें जब फोन नहीं थे तो वाहन चालक व सामान पहुंचाने वाले वर्कर्स खुद रास्ते तलाशकर गंतव्य स्थान तक पहुंचते थे। लेकिन अब हम अपने दिमाग में पहुंचने वाली जगह का नक्शा बनाने की बजाय बस जीपीएस की हिदायतें ही मानते हैं। हम सिर्फ रास्ते की कड़ियों का हिस्सा बन रहे हैं। एक समय था कि हमें घुमावदार रास्ते भी याद रहते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं। इसकी वजह है कि अब हम रास्तों व उसके आसपास की चीजों को याद करने की जहमत नहीं उठाते। कमोबेश यह स्थिति ऐसी ही है जैसे कुछ साल पहले तक हमें बहुत सारे फोन नंबर याद रहते थे। यहां तक कि लैंडलाइन फोन के नंबर भी हम याद रखते थे। लेकिन अब फोन में नंबर सुरक्षित करके हम अपने परिवार के खास फोन नंबर याद नहीं रख पा रहे हैं। इसी तरह हम कुदरती जीपीएस की क्षमताओं से वंचित होने लगे हैं। दरअसल, वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य के मस्तिष्क के भीतर ग्रिड सेल्स होते हैं। जिन्हें इंसानी दिमाग का भीतरी जीपीएस कहा जा सकता है। जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं कि हम कहां हैं और हमें आगे कहां जाना है। ये ही हमारे दिमाग में लक्षित जगह का नक्शा बनाने में मदद करते हैं कि हमें कैसे व कहां जाना है। रोचक तथ्य यह है कि मनुष्य के मस्तिष्क में यह कुदरती जीपीएस जन्म के बाद जल्दी ही सक्रिय हो जाता है। यानी कुछ समय बाद ही मनुष्य के शरीर में रास्ते पहचानने की क्षमता विकसित हो जाती है। लेकिन विडंबना यह है कि हम लगातार अपने शरीर के इस कुदरती गुण को नजरअंदाज करके तकनीक यानी जीपीएस पर निर्भरता बढ़ाने लगे हैं। चिंता इस बात की भी है कि कहीं देर-सवेर हम अपने शरीर के भीतर स्थित जीपीएस से वंचित न हो जाएं। जिसका सीधा असर हमारी सीखने की क्षमता, रास्ते याद रखने की शक्ति और भविष्य में लक्षित मार्ग खोजने की योग्यता में गिरावट के रूप में होगा। वैज्ञानिक कहते हैं कि हम तकनीक का इस्तेमाल करें, लेकिन कुदरती क्षमता को सिरे से नजरअंदाज न करें। यदि समय-समय पर हम उसका उपयोग करेंगे तो उसकी सक्रियता बनी रहेगी। फिर जिन स्थानों पर गूगल व अन्य जीपीएस काम नहीं करते, वहां हम अपनी नैसर्गिक क्षमता का उपयोग रास्ते तलाशने में कर सकते हैं। वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं कि दिमागी जीपीएस प्रारूप का इस्तेमाल रोबोटिक्स में करने में कैसे सफलता मिले। जिससे मशीनें भी वैसा ही व्यवहार करें जैसा हमारा दिमाग करता है।

# पीएम मोदी ने केन्स सेमीकॉन प्लांट किया लॉन्च

## मेक इन इंडिया को नई ताकत, इंजीनियरों से किया संवाद



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन किया। यह सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह देश का दूसरा ऐसा प्लांट है। उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने प्लांट का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने ऑपरेटर्स और इंजीनियरों से बातचीत की।

**मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का संदेश :** अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पिछले महीने के अंतिम दिन भी मैं साणंद में था और इस महीने के अंतिम दिन भी मैं साणंद में हूं। यह केवल संयोग नहीं है बल्कि यह संकेत देता है कि भारत कितनी तेज गति से सेमिकंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु स्थापित हुआ पीएम ने कहा कि साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां निर्मित उत्पादों का बड़ा हिस्सा निर्यात के लिए पहले ही बुक हो चुका है, जिससे मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का संदेश वैश्विक स्तर पर गूंजेगा।

भारतीय कंपनियां वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का मजबूत हिस्सा बन चुकी है पीएम मोदी ने कहा कि केन्स जैसी भारतीय कंपनी अब वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का मजबूत हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में कई भारतीय कंपनियां दुनिया को एक भरोसेमंद और मजबूत सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने कहा कि इस प्लांट में उत्पादन शुरू होने के साथ ही भारत ने खुद को एक विश्वसनीय सेमीकंडक्टर सप्लायर के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है।

**क्रिटिकल मिनरल्स में आत्मनिर्भर बनने पर जोर :** उन्होंने यह भी बताया कि क्रिटिकल मिनरल्स में आत्मनिर्भरता के लिए नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन शुरू किया गया है, जिसके तहत माइनिंग, प्रोडक्शन और रिसाइक्लिंग पर जोर दिया जा रहा है।

### मुश्किलों भरा रहा यह दशक

मोदी ने कहा कि इस दशक में महामारी, संघर्ष और वैश्विक सप्लाई चेन बाधाओं ने दुनिया को प्रभावित किया है, खासकर चिप्स, रेयर अर्थ मिनरल्स और ऊर्जा क्षेत्र में। ऐसे समय में भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का इस दिशा में आगे बढ़ना वैश्विक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### 10 बड़े प्रोजेक्ट्स पर चल रहा काम

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन केवल औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि देश के आत्मविश्वास का प्रतीक है। इस मिशन के तहत देश के छह राज्यों में 1.60 लाख करोड़ रुपये के 10 बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है।


### भारत का सेनीकंडक्टर बाजार

मोदी ने कहा कि उद्योग के अनुमानों के अनुसार भारत का सेमीकंडक्टर बाजार इस समय करीब 50 अरब डॉलर (लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये) का है, जो इस दशक के अंत तक बढ़कर 100 अरब डॉलर (करीब नौ लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाती है।

# शेयर बाजार में नए निवेशक घटे

## फरवरी में 24.5% गिरावट, 11 महीने का सबसे निचला स्तर

### कुल निवेशक 12.8 करोड़ पार लंबी अवधि में भरोसा बरकरार



**नई दिल्ली।** फरवरी 2026 में शेयर बाजार में नए निवेशकों की संख्या घटकर 13.3 लाख रह गई, जो महीने-दर-महीने 24.5% की बड़ी गिरावट है। यह पिछले 11 महीनों का सबसे निचला स्तर है, हालांकि कुल निवेशक आधार 12.8 करोड़ तक पहुंच गया है। भारत के शेयर बाजार में नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार में तेज गिरावट दर्ज की गई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ठरए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2026 में केवल 13.3 लाख नए निवेशक जुड़े, जो महीने-दर-महीने आधार पर 24.5% की गिरावट है। यह वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट भी है और पिछले करीब 11 महीनों का सबसे निचला स्तर है। फरवरी 2026 तक एनएसई का कुल रजिस्टर्ड निवेशक आधार बढ़कर 12.8 करोड़ हो गया है। हालांकि, नए निवेशकों की संख्या में कमी के बावजूद बाजार में दीर्घकालिक भागीदारी मजबूत बनी हुई है। 12 फरवरी 2026 को यूनिक क्लाइंट कोड्स की संख्या 25 करोड़ के पार पहुंच गई।

**वार्षिक आधार पर निवेशकों की भागीदारी स्थिर रही :** साल-दर-साल आधार पर निवेशकों की वृद्धि दर पिछले तीन महीनों में 14.4% पर स्थिर रही है, जिससे यह संकेत मिलता है कि अल्पकालिक सुस्ती के बावजूद लंबी अवधि का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच हर महीने औसतन 13.6 लाख नए निवेशक जुड़े, जो पिछले साल इसी अवधि के 18.2 लाख के मुकाबले कम है। इससे स्पष्ट है कि नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार धीरे-धीरे ठंडी पड़ रही है।

### महाराष्ट्र सबसे ज्यादा निवेशकों वाला राज्य बना

क्षेत्रीय स्तर पर महाराष्ट्र दो करोड़ से अधिक निवेशकों वाला पहला राज्य बन गया है और कुल निवेशक आधार में 15.7% हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। हालांकि, वित्त वर्ष 2021 में इसका हिस्सा 19.5% था, जो अब घटा है। इससे संकेत मिलता है कि अन्य राज्यों में निवेशकों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल और राजस्थान समेत शीर्ष पांच राज्यों की हिस्सेदारी कुल निवेशक आधार में 48% है।

# इंडिगो को मिला नया सीईओ

## विल्ली वॉल्श संभालेंगे कमान, अगस्त 2026 से कार्यभार



### विली वॉल्श का प्रोफाइल है बेहद दमदार

दावा किया जाता है कि विली वॉल्श को एविएशन सेक्टर की रग-रग का पता है। वे आईएटीए से पहले ब्रिटिश एयरवेज और इंटरनेशनल एयरलाइंस ग्रुप (आईएजी) जैसी बड़ी विमानन कंपनियों के सीईओ रह चुके हैं। आईएजी वही होल्डिंग कंपनी है जो ब्रिटिश एयरवेज, एयर लिंगस, इबेरिया, लेवल और वुएलिंग जैसे बड़े एयरलाइंस ब्रांड्स का मालिकाना हक रखती है।

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने आईएटीए के मौजूदा महानिदेशक विलियम वॉल्श को अपना नया सीईओ नियुक्त किया है। हाल ही में पीटर एल्बर्स ने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। वॉल्श अगस्त 2026 से कार्यभार संभालेंगे। उनके सामने एयरलाइन के ऑपरेशनल सिस्टम को सुधारने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारतीय विमानन क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने अपने नए मुखिया के नाम का एलान कर दिया है। दिग्गज विलियम वॉल्श इंडिगो के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) होंगे। हालांकि, उनकी यह नियुक्ति अभी जरूरी नियामक मंजूरी के अधीन है। यह बड़ा फैसला ऐसे समय में आया है जब इसी महीने एयरलाइन के मौजूदा सीईओ पीटर एल्बर्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### अगस्त में संभाल सकते हैं कमान

विलियम वॉल्श इस समय इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के डायरेक्टर जनरल के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आईएटीए में उनका कार्यकाल 31 जुलाई, 2026 को खत्म हो रहा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, वॉल्श के 3 अगस्त, 2026 या उससे पहले इंडिगो से जुड़ने की पूरी उम्मीद है।

# राजकोषीय घाटा 80% पार, सरकार ने निर्यातकों को राहत दी

## फरवरी तक घाटा 12.52 लाख करोड़, बजट लक्ष्य के करीब पहुंचा

### रत्न-आभूषण सेक्टर को 30 दिन की मोहलत, वैश्विक संकट के बीच बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21.45 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (शुद्ध) और 5.8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी, 2025-26 के दौरान केंद्र सरकार का कुल व्यय 40.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का 81.5 प्रतिशत है।

रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए 30 दिन की मोहलत पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने रत्न और आभूषण क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने निर्यातकों को कुछ जरूरी शर्तें पूरी करने के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत दी है। सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है जब युद्ध के चलते वैश्विक हालात तनावपूर्ण हैं और हवाई और समुद्री मार्ग से होने वाले निर्यात पर असर पड़ा है। इससे पश्चिम एशिया संकट से निपटने में मदद मिलेगी। यह क्षेत्र रत्न और आभूषण के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।
- एक समुद्री केकड़े का दिल उसके सिर में होता है।
- इंटरनेट पर 80% ट्रैफिक, सर्च इंजन से आता है।
- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 296 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस



**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को आयकर विभाग की ओर से 296.08 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर भुगतान में कमी को लेकर भेजा गया है। कर देनदारी चुकाने का निर्देश बैंक ने मंगलवार को अपनी नियामकीय फाइलिंग में बताया कि उसे 28 मार्च 2026 को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 143(3) के साथ धारा 144इ के तहत आकलन आदेश प्राप्त हुआ है। इस आदेश के तहत आयकर विभाग ने बैंक को आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 296.08 करोड़ रुपये की कर देनदारी चुकाने का निर्देश दिया है। बैंक ने क्या दी प्रतिक्रिया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि वह इस आदेश को चुनौती देने की प्रक्रिया में है और निर्धारित दिशानिर्देशों के तहत उचित मंच पर अपील दायर करेगा।




## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर : बताओ सबसे ज्यादा खुशी कब मिलती है?
स्टूडेंट : जब एग्जाम में पास हो जाएं
दोस्त : और असली खुशी?
स्टूडेंट : जब पता चले कि सब फेल हो गए

---

पत्नी : सुनो, मैं घर छोड़कर जा रही हूं!
पति : ठीक है, मैं भी निकलता हूं
पत्नी : कहां?
पति : खुशियों की तलाश में

---

डॉक्टर : तुम रोज कितनी नींद लेते हो?
मरीज : 8 घंटे
डॉक्टर : और बाकी 16 घंटे?
मरीज : मोबाइल चलाता हूं

---

पप्पू : यार शादी के बाद जिंदगी कैसी होती है?
गप्पू : Google की तरह
पप्पू : मतलब?
गप्पू : हर सवाल का जवाब देना पड़ता है

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।



करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# चेन्नई के खिलाफ मैच में रोने लगे रवींद्र जडेजा

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच में एक भावनात्मक पल देखने को मिला, जब रवींद्र जडेजा मैदान पर भावुक नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच सोमवार को खेला गया मैच एकतरफा रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके की टीम 19.4 ओवर में 127 रन पर सिमट गई। जवाब में राजस्थान ने 12.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि, यह मुकाबला कुछ खिलाड़ियों के लिए बेहद भावुक पल लेकर आया।

रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन उन खिलाड़ियों में शामिल रहे। मैच के दौरान एक समय ऐसा भी आया, जब जडेजा रोते हुए दिखाई दिए और उनकी सीएसके के साथ सारी यादें...सारी भावनाएं उमड़ पड़ीं। जड्डू आंखों में आंसू दिख रहे थे और फिर उन्होंने आंखें फेर लीं। यह न सिर्फ राजस्थान के फैंस के लिए, बल्कि



सीएसके के फैंस के लिए भी भावुक कर देने वाला पल था।

### CSK...CSK सुन भावुक हुए जडेजा

सीएसके को मुश्किल परिस्थिति में देखकर फैंस खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए सीएसके-सीएसके चिल्लाने लगे। यह सीएसके की पारी के नौवें ओवर की घटना है। तब जड्डू बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे थे। हालांकि, जब फैंस सीएसके-सीएसके चिल्लाने लगे तो जड्डू अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और रोने लगे। एक सीजन पहले तक यह शोर उन्हें भी हौसला देता था। ऐसा लगा मानो की जड्डू की पुरानी यादें ताजा हो गई। जड्डू 13 साल तक सीएसके की टीम का हिस्सा रहे और सीएसके सीएसके चैंट पर भावुक होना लाजमी था। हालांकि, चेन्नई की टीम के भविष्य को देखते हुए उन्होंने राजस्थान में जाने का फैसला लिया।

### आरआर के गेंदबाजों ने बरपाया कहर

दरअसल, मैच के दौरान चेन्नई की युवा टीम लड़खड़ा गई। आईपीएल में ऐसा पहली बार हुआ था, जब टीम में न तो महेंद्र सिंह धोनी और न ही सुरेश रैना थे। 'उम्रदराज खिलाड़ियों की टीम' कही जाने वाली सीएसके टीम की इस सीजन औसत उम्र 27 साल है। राजस्थान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। आरआर के तेज गेंदबाजों ने कवर्स से ढकी रही पिच पर मौजूद नमी का पूरी तरह फायदा उठाया और 38 रन पर चार विकेट गिरा दिए। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने सरफराज खान और शिवम दुबे को पवेलियन भेजा।

### दुबे को आउट करने के बाद गन सेलिब्रेशन

सरफराज को आउट करने के बाद उन्होंने साधारण जश्न मनाया, लेकिन दुबे ने उनकी गेंद पर छक्का लगाया था।

छक्का लगाने के बाद दुबे ने एक और छक्के की कोशिश की, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर पकड़े गए। इसके बाद जडेजा ने पिस्टल से शूट करने के अंदाज में जश्न मनाया। इन दो विकेट से एक वक्त नौवें ओवर में सीएसके का स्कोर छह विकेट पर 60 रन था और टीम जूझ रही थी। जडेजा ने सीएसके में रहते हुए इस तरह की मुश्किल परिस्थितियों से चेन्नई को कई बार निकाला, लेकिन इस बार वह विपक्षी टीम में थे।

# लिएंडर पेस की कहानीः टेनिस में भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाया , टूटी कलाई से जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल इतिहास में कुछ कहानियां सिर्फ जीत की नहीं होतीं, बल्कि इंसानी हिम्मत, जज्बे और मानसिक ताकत की मिसाल बन जाती हैं। लिएंडर पेस का 1996 अटलांटा ओलंपिक में जीता गया कांस्य पदक ऐसी ही एक कहानी है, जिसमें शरीर हार मान चुका था, लेकिन दिमाग ने हार स्वीकार नहीं की।

भारतीय टेनिस की बात हो और लिएंडर पेस का नाम न आए, ऐसा शायद ही कभी होता है। पेस को दुनिया के सबसे सफल डबल्स खिलाड़ियों में गिना जाता है और उनकी उपलब्धियां उन्हें भारतीय खेल इतिहास के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल करती हैं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर पेस की चमकदार उपलब्धियों ने भारतीय टेनिस को नई पहचान दिलाई। खास तौर पर 1996 अटलांटा ओलंपिक में जीता गया उनका कांस्य पदक न सिर्फ ऐतिहासिक था, बल्कि इसने भारत में टेनिस की नई पीढ़ी को भी प्रेरित किया। उनकी इसी सफलता से प्रेरित होकर आगे चलकर सोमदेव देववर्मन, रोहन बोपन्ना जैसे खिलाड़ियों ने सिंगल्स और डबल्स टेनिस में अपना करियर बनाया और देश का नाम रोशन किया।

पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस पश्चिम बंगाल 2026 के चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हो गए



हैं। मंगलवार को दिल्ली मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और सुकांत मजूमदार की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा का दामन थामा। पेस साल 2021 से तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हुए थे।

पश्चिम बंगाल में 294 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनावों से पहले लिएंडर पेस का भाजपा में शामिल होना तृणमूल कांग्रेस के लिए बड़ा झटका भी माना जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान लिएंडर पेस से मिले थे और इस मुलाकात में सौमिक भट्टाचार्य भी शामिल हुए थे। तभी से ऐसी अटकलें लगा जा रही थीं कि पेस जल्द ही भाजपा से जुड़ सकते हैं। पेस को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने फूलों का एक बुके और भाजपा की सदस्यता वाली पर्ची देकर पार्टी में स्वागत किया।

पेस ने महज 18 साल की उम्र में 1992 बार्सिलोना ओलंपिक के जरिए ओलंपिक मंच पर कदम रखा।

हालांकि, सिंगल्स में वह पहले ही दौर में बाहर हो गए, लेकिन डबल्स में अपने साथी रमेश कृष्णन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। यही वह शुरूआत थी, जिसने आने वाले वर्षों में एक महान करियर की नींव रखी। भारतीय खेल इतिहास में कुछ पल ऐसे होते हैं, जो हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। लिएंडर का 1996 अटलांटा ओलंपिक में जीता गया ब्रॉन्ज ऐसा ही एक ऐतिहासिक क्षण है। इस उपलब्धि ने न सिर्फ 44 साल बाद भारत को व्यक्तिगत ओलंपिक पदक दिलाया, बल्कि पेस को ओलंपिक टेनिस में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय और एशियाई खिलाड़ी बना दिया। इस जीत के पीछे सिर्फ प्रतिभा नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत थी। पेस ने 1992 बार्सिलोना ओलंपिक के बाद ही अटलांटा के लिए तैयारी शुरू कर दी थी।

# 13 साल के वैभव पर 10 करोड़ लुटाने को तैयार था राजस्थान

## ट्रायल्स में हुआ था कुछ अजूबा ! कहानी का अब हुआ खुलासा

**गुवाहाटी।** वैभव सूर्यवंशी की कहानी संघर्ष, परिवार के त्याग और आत्मविश्वास की एक गहरी भावनात्मक यात्रा है। बिहार के छोटे गांव से निकलकर आईपीएल तक पहुंचने का उनका सफर दिखाता है कि प्रतिभा के साथ अगर जुनून और समर्थन हो, तो कोई भी सपना बड़ा नहीं होता।

आईपीएल में जब राजस्थान रॉयल्स ने एक 13 साल के लड़के पर करोड़ों रुपये दांव लगाने की बात सोची, तो यह फैसला किसी जुए से कम नहीं था, लेकिन आज वही लड़का, 15 साल का वैभव सूर्यवंशी, भारतीय क्रिकेट की सबसे रोमांचक कहानियों में से एक बन चुका है। यह कहानी सिर्फ छक्कों और शतकों की नहीं, बल्कि उस जुनून की है जो गांव की मिट्टी से उठकर दुनिया के सबसे बड़े मंच तक पहुंचता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वैभव के लिए राजस्थान ने 10 करोड़ रुपये तक रख रखे थे। फ्रेंचाइजी तब 13 साल के रहे वैभव पर पैसे लुटाने को तैयार थी। अब सवाल उठ रहा होगा क्यों? तो इसके पीछे ट्रायल्स की एक दिलचस्प कहानी है, जिसका खुलासा राजस्थान टीम के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर और टैलेंट स्काउट का हिस्सा जुबीन भरूचा ने अब क्रिकेट मंथली से किया है।

**'10 करोड़ रखो': एक भरोसा जिसने सब बदल दियाः** नवंबर 2024 में सऊदी अरब में



आईपीएल मेगा ऑक्शन की तैयारियां चल रही थीं और सभी फ्रेंचाइजी अपनी शॉर्टलिस्ट पर चर्चा कर रही थी। उन्होंने लगभग मजाकिया अंदाज में कहा- तुम पागल हो क्या? पहले तो यह राजस्थान टीम मैनेजमेंट को यह मजाक लगा, लेकिन जब भरूचा ने ट्रायल का अनुभव सुनाया, तो कहानी बदल गई।

### पहली गेंद और एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का

हालांकि, हुआ इसके बिल्कुल उलट। वैभव सूर्यवंशी ने उस गेंद को एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से सीधा छक्का जड़ दिया। जुबिन भरूचा उस पल को याद करते हुए कहते हैं, 'मैं बस यही सोच रहा था, मैंने अभी क्या देखा? मैं इसे समझ ही नहीं पाया।'

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे यह बिल्कुल वैसा ही लगा जैसा मैंने पहली बार यशस्वी जायसवाल को ट्रायल में खेलते देखा था, जब उसने डीवाई पाटिल स्टेडियम में पहली ही गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग के ऊपर से चौका मारा था।

### महाराष्ट्र के तालेगांव में हो रहे थे ट्रायल्स

राजस्थान रॉयल्स जब महाराष्ट्र के तालेगांव स्थित अपनी अकादमी में ट्रायल कर रही थी, तब वैभव सूर्यवंशी एक बाएं हाथ के तेज गेंदबाज (कर्नाटक) के खिलाफ बल्लेबाजी करने उतरे। जुबिन भरूचा उस वन ऑन वन मुकाबले को गेंद के एंगल, लेट स्विंग और संभावित नतीजे से दिमाग में पहले ही समझने की कोशिश कर रहे थे। भरूचा ने बताया, 'पहली गेंद दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की ओर तेजी से आई थी। इसलिए मैं सोच रहा था कि जब वैभव स्ट्राइक पर आएगा, तो गेंद बाहर की ओर मूव करेगी और ऑफ स्टंप के बाहर उसे बीट कर देगी।'



# यूके के लिए फ्लाइट लेने पहुंचा क्रिकेटर टीम को पता चला तो पैरों तले खिसकी जमीन

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के घरेलू टूनामेंट के फाइनल में बेयर्स स्वानेपोएल का मैच के बीच मैदान छोड़कर फ्लाइट पकड़ने जाना क्रिकेट इतिहास की सबसे अजीब घटनाओं में शामिल हो गया है। इस फैसले से उनकी टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा और अंततः हार झेलनी पड़ी। अब उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई और जांच की प्रक्रिया जारी है।

आईपीएल 2026 का रोमांच जारी है। अब तक हुए तीन मैचों में फैंस को जबरदस्त टक्कर देखने को मिली है। एक तरफ जहां फैंस दुनिया की इस सबसे बड़ी टी20 लीग को एंजॉय कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। इस हैरान कर देने वाली घटना में एक क्रिकेटर ने अपनी टीम का फाइनल मैच बीच में छोड़ दिया और चोट का बहाना बनाकर मैदान से बाहर गया। फिर वहां से रफूचक्कर हो गया।

वह क्रिकेटर यूनाइटेड किंगडम के लिए फ्लाइट पकड़ने पहुंच गया, जहां उसे काउंटी क्रिकेट खेलना था। इस अजीबोगरीब घटना ने दुनिया भर के फैंस का ध्यान खींचा है।



### दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट से जुड़ा मामला

दरअसल, क्रिकेट में वैसे तो अजीब घटनाएं कभी-कभी देखने को मिलती हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर बेयर्स स्वानेपोएल से जुड़ा यह मामला बेहद चौंकाने वाला है। दक्षिण अफ्रीका के घरेलू टूनामेंट सीएसए प्रोविंशियल वनडे चैलेंज डिवीजन-1 के फाइनल मुकाबले के दौरान एक ऐसा वाकया हुआ, जिसने सभी को हैरान कर दिया। यह मुकाबला लायंस और टाइटंस के बीच जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खेला जा रहा था।

**अपने कोटे के पूरे ओवर कर निकल गएः** लायंस की ओर से खेल रहे स्वानेपोएल ने अपने 10 ओवर पूरे किए और 44 रन देकर तीन विकेट भी लिए। टीम 248 रन के लक्ष्य को बचाने की कोशिश कर रही थी और मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर था। लेकिन तभी कुछ ऐसा हुआ, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थीस मैच खत्म होने से आठ ओवर पहले ही स्वानेपोएल मैदान छोड़कर चले गए।

### चोट नहीं, फ्लाइट पकड़ने गया खिलाड़ी !

शुरूआत में टीम और साथी खिलाड़ियों को लगा कि 27 वर्षीय खिलाड़ी को कोई हल्की चोट (निगल) लगी है। इसी वजह से कुछ समय के लिए सब्स्टीट्यूट फील्डर की अनुमति भी दी गई। लेकिन असली सच्चाई तब सामने आई, जब टाइटंस की ओर से पूछताछ की गई। तब पता चला कि स्वानेपोएल किसी चोट की वजह से नहीं, बल्कि यूनाइटेड किंगडम की फ्लाइट पकड़ने के लिए मैदान छोड़कर गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह डगआउट में अपने कुछ साथियों को अलविदा कहकर सीधे शाम साढ़े सात बजे की फ्लाइट पकड़ने निकल गए।

### टीम को खेलना पड़ा 10 खिलाड़ियों के साथ

जब यह साफ हो गया कि खिलाड़ी चोटिल नहीं था, तो नियमों के अनुसार लायंस को सब्स्टीट्यूट फील्डर की अनुमति नहीं दी गई। ऐसे में टीम को आखिरी ओवरों में सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरना पड़ा। इसका सीधा असर मैच पर पड़ा और लायंस को आखिरी गेंद से ठीक पहले हार का सामना करना पड़ा।

दरअसल, स्वानेपोएल इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए वॉर्सेस्टरशायर से जुड़ने वाले हैं। इसी वजह से उन्होंने मैच बीच में छोड़कर फ्लाइट पकड़ने का फैसला किया। हालांकि, हैरानी की बात यह है कि उनकी अपनी टीम को इस प्लान की कोई जानकारी नहीं थी।

### एनओसी पर भी सवाल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, लायंस को स्वानेपोएल के काउंटी खेलने की योजना के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। टीम को एनओसी भी मैच के दिन रात में मिला। ऐसे में यह भी संभव है कि अधिकारी इस एनओसी को मंजूरी न दें, जिससे उनका काउंटी क्रिकेट खेलना मुश्किल हो सकता है।

### टीम मैनेजमेंट नाराज, कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने का खतरा

लायंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जोनो लीफ राइट ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, 'मैं बेयर्स से बेहद निराश हूं। उनके इस कदम ने टीम की संस्कृति और मूल्यों के खिलाफ काम किया है, जिसे हमने पिछले छह वर्षों में बनाया है। उन्होंने यूनियन और फैंस को निराश किया है।' रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनका कॉन्ट्रैक्ट भी खत्म कर सकती है।

### क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शुरू की जांच

इस पूरे मामले ने क्रिकेट प्रशासन को भी सक्रिय कर दिया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के घरेलू क्रिकेट प्रमुख एडी खोजा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा, 'हम इस मामले की जांच कर रहे हैं और एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) नियमों के अनुसार प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। 48 घंटे के भीतर स्थिति साफ कर दी जाएगी।'

### एमपीएल के लिए आज होगी क्रिकेटरों की नीलामी

**इंदौर।** इंदौर में 31 मार्च को पहली बार मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग के लिए आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों की नीलामी होगी। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होने वाली इस नीलामी में 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जहां आवेश खान जैसे दिग्गजों पर बोली लगेगी। इंदौर के खेल इतिहास में 31 मार्च का दिन बेहद खास होने जा रहा है क्योंकि शहर में पहली बार मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी आयोजित की जाएगी। यह पहला अवसर है जब इस लीग में खिलाड़ियों को आईपीएल की तर्ज पर नीलामी प्रक्रिया के जरिए खरीदा जाएगा। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रक्रिया से खिलाड़ियों पर न केवल धन की वर्षा होगी बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखेरने के लिए एक बहुत बड़ा और पेशेवर मंच भी प्राप्त होगा।

# ग्रीन के आईपीएल में गेंदबाजी नहीं करने पर आया मैकडोनाल्ड का बयान, बोले- उन्हें संतुलन बनाना होगा

**सिडनी।** केकेआर के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में गेंदबाजी नहीं की थी। इसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जो बयान दिया था उससे विवाद पैदा हुआ था। अब ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने इसे लेकर बयान दिया है।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन से आईपीएल और आस्ट्रेलिया क्रिकेट में काफी उम्मीदें हैं, लेकिन इस ऑलराउंडर खिलाड़ी में वह काबिलियत है जिससे वे इन उम्मीदों को संतुलित करते हुए अपने करियर को लगातार ऊंचाइयों की ओर ले जा सकते हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में चोटिल




ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने को लेकर पूछे गए सवाल पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे की टिप्पणी से विवाद पैदा हो गया था। बाद में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर टीम प्रबंधन को उनकी चोट के बारे में पूरी तरह से पता था और वह 10-12 दिन और गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे।

**मैकडोनाल्ड बोले- ग्रीन से काफी उम्मीदें :** मैकडोनाल्ड ने कहा, आईपीएल में काफी अपेक्षाएं हैं। आस्ट्रेलियाई टीम में भी उनसे काफी अपेक्षाएं हैं। यह अनुचित नहीं है क्योंकि ऑलराउंडरों से हमेशा उम्मीद रहती है। हमें पता है कि वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्हें सभी अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना होगा, खासकर तीनों प्रारूप में खेलने को लेकर। यह किसी भी क्रिकेटर के लिए चुनौतीपूर्ण है।

**केकेआर को महंगा पड़ा ग्रीन का गेंदबाजी नहीं करनाः** ग्रीन को केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था और वह आईपीएल में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने थे। हालांकि, पहले मैच में उनका गेंदबाजी नहीं करना केकेआर को महंगा पड़ा था क्योंकि टीम 221 रनों के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सकी थी।

# पोलियो को मात देकर लगातार 4 स्वर्ण जीते देश की पहली खिलाड़ी जिन्होंने रचा इतिहास

**इंदौर।** पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी सपना शर्मा ने नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। दोनों पैरों में पोलियो के बावजूद सपना ने लगातार चौथी बार राष्ट्रीय गोल्ड मेडल हासिल किया, वह ऐसा करने वाली देश की पहली दिव्यांग खिलाड़ी बनी हैं।



बेंगलुरु के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सपना शर्मा ने अपनी स्वर्णिम सफलता का सिलसिला जारी रखते हुए एक बार फिर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। यह सपना शर्मा का लगातार चौथा नेशनल गोल्ड मेडल है, जिसके साथ ही वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने खेल जगत में यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इंदौर की रहने वाली सपना की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल उनके शहर बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।

**फाइनल मुकाबले में तेलंगाना की खिलाड़ियों को दी मातः** इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 मार्च को किया गया था, जिसमें देशभर के लगभग 70 खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। फाइनल मुकाबले में सपना शर्मा ने अपनी बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पस्त कर दिया। कड़े मुकाबले में तेलंगाना की ममता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि कृष्णवेणी ने कांस्य पदक हासिल किया। पूरे टूनामेंट के दौरान सपना का प्रदर्शन इतना प्रभावी रहा कि उन्होंने हर राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और स्वर्ण पदक पर अपना नाम दर्ज कराया।

सपना शर्मा की सफलता की यह कहानी जितनी सुखद है, उनका सफर उतना ही चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद सपना ने शारीरिक अक्षमता को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया। ताइक्वांडो से पहले वह टेबल टेनिस में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और आर्म रेसलिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं।

उनकी यह यात्रा आर्थिक कठिनाइयों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच निरंतर अभ्यास की मिसाल है।

# पहले ही मैच में चेन्नई की कई कमजोरियां हुई उजागर

**गुवाहाटी।** चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन बनाए और सभी विकेट गंवा दिए। इसके बाद राजस्थान ने गुवाहाटी में चेज करते हुए 12.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जमाया।

चेन्नई सुपर किंग्स के मिडिल ऑर्डर में अनुभव की कमी साफतौर पर पहले ही मैच में दिखाई दिए। संजू सैमसन और ऋतुराज के सस्ते में आउट होने के बाद टीम की लड़खड़ाती हुई पारी को संभालने वाला कोई बल्लेबाज नजर नहीं आया। आयुष म्हात्रे, मैथ्यू शॉर्ट जैसे बल्लेबाजों से चेन्नई की पारी बुनने की उम्मीद नहीं कर सकती है।

वहीं, घरेलू क्रिकेट में सरफराज ने बेशक खूब रन बनाए हैं, लेकिन आईपीएल में उनका रिकॉर्ड कोई बहुत अच्छा नहीं रहा है। कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर अभी काफी युवा हैं। अनुभव के नाम पर चेन्नई के मध्यक्रम में सिर्फ शिवम दुबे एक बल्लेबाज नजर आते हैं। यह भी सच्चाई है कि दुबे हर मुकाबले में टीम की नैया को



शायद अकेले पार ना लगा सकें।

### बल्लेबाजी-गेंदबाजी फ्लॉप, आसान नहीं आगे की राह


फिनिशर की कमी

सिर्फ मिडिल ऑर्डर ही नहीं बल्कि चेन्नई सुपरकिंग्स को इस सीजन एक दमदार फिनिशर की कमी भी खल सकती है। डेवाल्ड ब्रेविस यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं, लेकिन वह चोटिल हैं और उन्हें पूरी तरह से फिट होने में कितना समय लगेगा यह कहना मुश्किल है। एमएस धोनी भी दो हफ्ते के लिए उपलब्ध नहीं हैं। टीम प्रशांत वीर और उर्विल पटेल को यह रोल दे सकती है, लेकिन इन दोनों के पास अनुभव की कमी है।

हालांकि, खलील विकेट निकालने की काबिलियत तो रखते हैं, लेकिन वह काफी महंगे साबित होते हैं। स्पिन विभाग में नामी गेंदबाज के तौर पर टीम के पास सिर्फ नूर अहमद और अकील हुसैन ही दिखाई दे रहे हैं। चेन्नई के साथ दिक्कत यह है कि इन दोनों विदेशी गेंदबाजों को टीम एक साथ प्लेइंग इलेवन में नहीं खिला सकती है। नूर राजस्थान के खिलाफ रनों पर लगाम लगाने में भी विफल रहे थे। चेन्नई सुपर किंग्स के सामने कई बड़े सवाल नजर आ रहे हैं, जिसका जवाब टीम मैनेजमेंट को जल्द से जल्द खोजना होगा।

### कमजोर गेंदबाजी अटैक

चेन्नई का गेंदबाजी अटैक इस सीजन टीम के लिए सबसे बड़ी समस्या बन सकता है। मैट हेनरी का रिकॉर्ड टी-20 में कोई बहुत अच्छा नहीं रहा है और इसका उदाहरण पहले ही मैच में देखने को भी मिला। राजस्थान के खिलाफ हेनरी ने तीन ओवर के स्पेल में ही 40 रन खर्च कर दिए थे। खलील अहमद और अंशुल कंबोज से टीम दमदार प्रदर्शन की उम्मीद कर सकती है।




# भगवान महावीर का 'जियो और जीने दो' का संदेश ही विश्व शांति का मार्ग : सुनील शर्मा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर वसुंधरा में भगवान महावीर के 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव दो दिवसीय भव्य आयोजनों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस महोत्सव में भक्ति, अध्यात्म और सेवा की त्रिवेणी बही। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।

उत्सव का शुभारंभ 30 मार्च को तड़के प्रभात फेरी के साथ हुआ, जो सेक्टर 10 और 12 के मध्य निकाली गई। इसके पश्चात भगवान महावीर का 108 कलशों से मंगल मष्तकाभिषेक किया गया। 'मंशापूर्ण महावीर विधान' में करीब 200 भक्तों ने धर्मलाभ लिया। शाम को बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका ने भगवान महावीर के जन्म के दृश्यों को जीवंत कर दिया और उनके कालजयी संदेश 'जियो और जीने दो' को जन-मानस तक पहुँचाया। 31 मार्च को भव्य रथयात्रा का आयोजन किया गया। अग्रसेन चौक से शुरू हुई इस यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया। सेक्टर 10 मुख्य मार्ग पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, नरेश भाटी, आशीष चौधरी और प्रतिभा शर्मा ने यात्रा में सम्मिलित होकर जैन समाज का उत्साहवर्धन किया।

सेवा कार्य और विश्व शांति की प्रार्थना महोत्सव के दौरान गरीबों को भोजन वितरण और स्वास्थ्य शिविर जैसे सेवा कार्य भी आयोजित किए गए। मंदिर जी की पांडुक शिला पर भगवान का अभिषेक हुआ। पंडित विमल जैन शास्त्री ने भक्तों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। अध्यक्ष नवीन कुमार जैन और महासचिव सुनीश कुमार जैन ने दो दिवसीय महोत्सव की सफलता पर सभी कार्यकर्ताओं, युवा मंडल, महिला मंडल और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और समर्पण से ही यह धार्मिक अनुष्ठान ऐतिहासिक रूप से संपन्न हो सका।

### भगवान महावीर के सिद्धांत पूरी मानवता के लिए : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा, भगवान महावीर के सिद्धांत किसी एक धर्म के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए हैं। आज के हिंसाग्रस्त युग में उनका अहिंसा और करुणा का मार्ग ही विश्व शांति का एकमात्र विकल्प है। 'जियो और जीने दो' का उनका संदेश हमें परस्पर प्रेम और सद्भाव की प्रेरणा देता है। वसुंधरा जैन समाज द्वारा इस भव्य आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना प्रशंसनीय है।

# मासूम पर जुल्म, दुकानदार गिरफ्तार

### चोरी के शक में बच्चे को फ्रीजर में बंद किया, मेडिकल जांच जारी



**बच्चे के ऊपर गुस्सा निकालता रहा दुकानदार** : बच्चे को फ्रीजर में बंद करने के बाद दुकानदार आजाद चिल्लाता रहा कि इन बच्चों ने जीना मुश्किल कर दिया है। सुबह से ये बच्चे निकल पड़ते हैं और चोरी करना शुरू कर देते हैं। आज ये पकड़ में आया है। करीब 2 मिनट तक बच्चा फ्रिज के अंदर ही बंद रहा। इसी बीच किसी ने मामले की जानकारी बच्चे के पिता और पुलिस को दे दी। पिता तुरंत मौके पर पहुंचे और दुकानदार से बच्चे को बाहर निकलवाया। पुलिस ने आरोपी आजाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बच्चे का मेडिकल कराया गया है।

**हापुड़।** चोरी के शक में दुकानदार ने 7 साल के बच्चे को डीप फ्रीजर में बंद कर दिया। करीब 2 मिनट तक बच्चा फ्रीजर में बंद रहा। इस दौरान लोगों के पूछने पर वह बच्चे को गालियां देता रहा। पुलिस ने दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। मामला धौलाना क्षेत्र के गांव शेखपुर खिचरा का है। बच्चे को मेडिकल के लिए भेजा गया है। दुकानदार का कहना है कि रोज दुकानों से बच्चे चोरी कर रहे थे। सबक देने के लिए ऐसा किया था।

इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। शेखपुर खिचरा के रहने वाले इमरान का 7 साल का बेटा अनस सोमवार को एक दुकान से कुछ सामान लेने गया था। इसी दौरान पास के दुकानदार आजाद ने अनस को पकड़ लिया। आजाद उस पर चोरी का आरोप लगाने लगा। बच्चा रोते हुए मना करता रहा, लेकिन आजाद उसे पकड़कर दुकान के अंदर ले गया। बच्चे को धमकाकर फिर से बंद किया दुकानदार ने बच्चे को दुकान में रखे डीप फ्रीजर में बंद कर दिया। सामने आए वीडियो में दुकानदार से एक युवक बच्चे के बारे में पूछता है। इस पर दुकानदार बच्चे को गालियां देने लगता है।




### क्रान्तिकारी पार्षद ने क्यों जमा करा दिया अपना हाउस टैक्स बहुत ही शांति से

निगम की मुखिया कहती रह गयी कि मत जमा करो। फिर कहा जो कह दिया सो कह दिया मत जमा करो, मगर ना ना करते भी आधा शहर हाउस टैक्स जमा करा रहा है। हाउस टैक्स की इस कहानी में एक रोचक मोड़ आया है। जो पार्षद सबसे ज्यादा क्रान्ति मचा रहा था, वो पार्षद चुपचाप जाकर बढ़ी हुई दरों पर अपना हाउस टैक्स जमा करा आया। क्रान्तिकारी पार्षद लखनऊ भी होकर आये थे, धरने पर भी बैठे थे। लेकिन पार्षद एकता का नारा लगाते लगाते वो साईलेंटली गये और अपने अलग अलग मकानों का हाउस टैक्स जमा करा आये हैं। सितम ये हुआ है कि जो लोगों को कह रहे थे कि पुरानी दरों पर ही टैक्स देना होगा, वो क्रान्ति वाले नयी दरों पर पूरा हाउस टैक्स जमा कराकर आ गये हैं। लिहाजा अब आम जनता ज्यादा रिलैक्स ना हो क्योंकि जो सरकार तक होकर आने का दावा कर रहे थे, उनका वचन भी फेल हो गया और जो सदन से लेकर सरकार तक आवाज उठा रहे थे उनके साथ भी खेल हो गया। अब पब्लिक ज्यादा रिलैक्स ना हो और टैक्स को शांतिपूर्वक जमा करा दे, इसी में उसका है भला।

### देवतुल्यों ने जब अपनी दिशा बदली तो सितारे हैं गवाह कि उनकी दशा बदल गयी

राजनीति में स्टार का भी एक रोल होता है। ये सियासत के स्टार ही तो थे कि कोई दिल्ली से गाजियाबाद चुनाव लड़ने आया और 25 दिन के राजनीतिक कैरियर में उसे लोकसभा का टिकट भी मिल गया और रिकॉर्ड वोटों से जीत भी गये। ये स्टार ही तो हैं कि कोई व्यक्ति तीन बार एमएलसी रहा, राज्यसभा सांसद रहा और पूरी लाईफ ब्लू बिता दी और जब वहां से वनवास हुआ तो केसरिया नगरी में उनका राजतिलक तब हो गया जब वो चुनाव भी नहीं लड़े थे। बात बौद्धिक चिंतन में ये चली कि अगर देवतुल्य अपनी दिशा बदल दें तो उनकी दशा बदलते देर नहीं लगती है। वैश्य चेहरे ने खुद को पहले ओबीसी साबित किया और फिर ओबीसी खेमे में पहुंच गये। वैश्य समाज में भला क्या ही राजनीति की होगी जो ओबीसी बनकर हो रही है। उन्होंने दिशा बदली और उनकी दशा बदल गयी। वैश्य समाज के दूसरे चेहरे ने भी दिशा बदली और रामलीला वालों के यहां पहुंच गये। सुना है ऐसी दशा बदली है कि कई बड़े अधिकारियों के फोन अब वो ही रिसीव करते हैं और कई महत्वपूर्ण फोन तो सीधे उन्हीं के फोन पर आते हैं। जो देवतुल्य निराश हो रहे हैं वो इस बात पर ध्यान दें कि जिन खेमों में ऊर्जा लगा रहे हैं, उन खेमों को लेकर विचार करें और तय करें कि कौन सी दिशा में जाना है कि दशा बदल जाये।

### विधानसभा से लोकसभा में प्रमोशन का सीन क्या पंडितों के साथ भी होगा

राजनीति में चक्र कुछ ऐसा घूम रहा है कि सियासत के पंडितों का भी माथा घूम रहा है। कोई इंतजार ही करता रह गया और किसी पर कृपा का बादल ऐसा बरसा कि संगठन में भी नाम आ गया और सरकारी कृपा भी हो गयी। ऐज फैक्टर के सीन में क्रासिंग वालों को ढ़ील मिली मगर दूसरों के साथ इसी बात को लेकर रूल ईज रूल वाली बात हो गयी। बात सियासी प्रमोशन की चली तो यहां पता चला कि विधानसभा से लोकसभा में प्रमोशन ही वैश्य समाज वालों का हो रहा है। कांग्रेस वाले भी यही कर रहे हैं और भाजपा वालों ने भी यही किया। कांग्रेस के स्वर्गीय सुरेन्द्र गोयल ने विधानसभा का चुनाव लड़ा, जीते और फिर लोकसभा का उम्मीदवार उन्हें पार्टी ने बनाया और वो सांसद बने। हिस्ट्री रिपीट इट सेल्फ और फिर यही कहानी केसरिया दल में भी दोहरायी गयी। प्रमोशन वाली स्क्रिप्ट शहर विधानसभा से ही उठायी गयी। और इस बार भाजपा ने अपने शहर विधायक को लोकसभा का टिकट दे दिया और वो जीत भी गये। केसरिया वाले ही पूछ रहे हैं कि सारी मौहब्बत की बरसात क्या इन्हीं पर होगी या दूसरी बिरादरी का भी नम्बर आयेगा। केसरिया फ्लॉवर ने ही जवाब दिया कि ब्राह्मणसमाज को कैबिनेट मंत्री दिया तो है। दूसरे देवतुल्य ने भी तभी पूरे मामले को करैक्ट कर दिय। कहा कि सवाल को ध्यान से सुन लो, समझ लो। यहां बात विधानसभा से लोकसभा के प्रमोशन की हो रही है, बात बिरादरी के समीकरण की हो रही है। तो दोनों दल अलग हुए हैं मगर कृपा का सीन वैश्य समाज पर ही रहा है। अब जब शहर में ब्राह्मण समाज विधानसभा पर काबिज है तो क्या ब्राह्मण को भी लोकसभा का टिकट मिलेगा। चलो लाईनपार वाले को मत दो तो नदियापार वाले को दे दो। लेकिन कृपा का बुल्डोजर कहीं मुड़े तो सही।

# पेपर मिल बॉयलर की स्ट्रीम की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, परिजनों ने किया हंगामा





**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित एक पेपर मिल में काम करने वाले कर्मचारी बायलर के भाप की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मुआवजे आदि की मांग को लेकर उनके शव को कंपनी के गेट पर रख दिया तथा जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करवाया।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के मीडिया सेल तथा अन्य मिली जानकारियों के अनुसार थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित एक पेपर मिल में काम करने वाले व्यक्ति धीरज पुत्र रमेश मूल निवासी जनपद जौनपुर हाल निवासी प्रेम विहार छपरौला उम्र 24 वर्ष, काम करते समय 24 मार्च को बॉयलर की स्ट्रीम से झुलस गय। उसे उपचार के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के परिजन अपनी कुछ मांगों को लेकर उनके शव को लेकर फैक्ट्री के गेट पर पहुंचे। उन्होंने फैक्ट्री के गेट पर शव को रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को समझा-बुझाकर उन्हें शांत करवाया। मौके पर शांति व्यवस्था स्थापित है। पुलिस द्वारा अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# रिहायशी इलाके में शराब ठेकों का विरोध कॉलोनीवासियों ने स्थानांतरण की उठाई मांग




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना क्षेत्र के जागृति विहार, गुलधर रोड सेक्टर-23 स्थित रिहायशी इलाके में संचालित शराब के ठेकों को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करते हुए इन ठेकों को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जागृति विहार में मंदिर के सामने स्थित अविकसित पार्क के पश्चिमी छोर पर अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि यहां शराब पीने वाले लोग खुलेआम पार्क में बैठकर शराब का सेवन करते हैं और मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं व युवतियों पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं।

निवासियों ने बताया कि स्कूल व ट्यूशन जाने वाले बच्चों को भी शराबियों द्वारा परेशान किया जाता है, जिससे क्षेत्र में भय का वातावरण बना हुआ है।

इतना ही नहीं, कई बार नशे में धुत लोग आसपास के घरों में खाने-पीने या पानी मांगने के बहाने घुस जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कॉलोनीवासियों का यह भी आरोप है कि संबंधित स्थान पर बिना अनुमति के अवैध निर्माण कर दुकानों का संचालन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो जनआक्रोश बढ़ सकता है और किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आगामी सत्र 2026-27 में इन दोनों शराब ठेकों को रिहायशी क्षेत्र से हटाकर अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल कायम रह सके।

## बाइक सवार दो बदमाशों ने बैंक कर्मी से मोबाइल लूटा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में सोमवार रात बाइक सवार दो बदमाशों ने बैंक कर्मी से दो मोबाइल लूट लिए। घटना के समय वह अपनी गर्भवती पत्नी के साथ बाजार से खरीदारी कर घर जा रहे थे। आरोप है कि बदमाश उन्हें रिक्शे से गिराकर काफी दूर तक घसीट कर ले गए। उन्होंने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से मामले की जांच में जुटी है।

वसुंधरा सेक्टर-एक की जागृति विहार सोसाइटी में रहने वाले रोशन पांडे बैंक में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार रात वह अपनी पत्नी के साथ बाजार से खरीदारी करने गए थे। करीब साढ़े आठ बजे वह रिक्शा से घर जा रहे थे। उनके हाथ में उनका और पत्नी का मोबाइल था।

मोबाइल नहीं छोडे.तो बदमाश ने झटका मारा वसुंधरा की ओर जाने वाले रास्ते पर हरनंदी के पास पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ में लगे मोबाइल झपट लिए। उन्होंने मोबाइल नहीं छोडे. तो बदमाश ने मोबाइल को झटका मार दिया। जिससे वह रिक्शे से नीचे गिर गए। उन्होंने एक बदमाश का हाथ पकड़ लिया। जिससे वह बाइक के पीछे घिसटते हुए काफी दूर तक चले गए।




## किस जोन के लिए चलेगी सबसे ज्यादा पैरवी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही 23 बैच वालों की अदला-बदली शुरू होने की जानकरियां बाहर आ रही है। तो बताया जा रहा है कि अभी से एक जोन के लिए सबसे ज्यादा सिफारिश शुरू हो गई हैं। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले हो या देहात वाले वह जाना नदिया पार ही चाहते हैं। कहा जा रहा है कि नदिया पार की टीआरपी पुलिस में हमेशा से हाई रही है। उधर पुलिस के ही सूत्र बता रहे हैं कि नदिया पार वाले जोन में जाने की चाहत हर खाकी वाले की रहती है। चाहे दो टू-थ्री-स्टार हो या एसीपी से लेकर डीसीपी। वैसे चर्चा है कि इस बार की शिफ्टिंग में कोई नया फॉर्मूला चलेगा। देखना होगा किसको शिफ्ट किया जाएगा और किसको नहीं किया जाएगा। इस बात का तो फैसला भी आने वाले दिनों में होगा लेकिन अभी से कई स्तर के अधिकारियों के पास से सिफारिशों का सिलसिला शुरू हो गया है। अब बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अप्रैल महीने में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगभग 900 से ज्यादा टू-स्टार इधर से उधर किए जाने की चर्चा अभी से शुरू हो गई है।




अब बताया तो यह जा रहा है कि कुछ 23 बैच के टू-स्टार ने अभी से जुगाड़ लगाना शुरू कर दिया है। तो कुछ आने वाले दिनों में कुछ अधिकारियों के कार्यालय में दस्तक देंगे का प्लान बना रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अप्रैल के पहले सप्ताह में एक के बाद एक कई आयोजन होने हैं। उन आयोजनों को लेकर तैयारियां चल रही हैं। तो एक जोन में बोर्ड पर नाम किस साहब का लिखा जाएगा ,इसकी टेंशन चल रही है। अब पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कोई पुराने वालों के नाम पर जोर दे रहा है, तो कोई आने वालों का इंतजार कर रहा है। तो इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जो यहां से गए थे, उनका भी नाम लिखा जा सकता है और उनको बुलाया भी जा रहा है। कुल मिलाकर देखना होगा कि अप्रैल वाले महीने में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारियों के स्तर पर क्या बदलाव होते हैं। कुल मिलाकर अभी वेट एंड वॉच वाली स्थिति बनी हुई है। वैसे भी प्रदेश वाली लिस्ट ने सबसे बड़े साहब की पॉवर का प्रदर्शन कर दिया है। कईयों को संट और कईयों को साइड लाइन किया गया है।

# पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य का किया शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के वार्ड 83 के अंतर्गत आने वाली इंदिरा कॉलोनी की मुख्य गली के कायाकल्प का कार्य मंगलवार को विधिवत रूप से शुरू हो गया। क्षेत्रीय पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने वार्ड कोटे से स्वीकृत इस इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति के कारण कॉलोनी वासियों और राहगीरों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। उद्घाटन के दौरान पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने कहा, क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता है। इस गली में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगने से न केवल सड़क टिकाऊ बनेगी, बल्कि जलभराव जैसी समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी।

पार्षद ने विकास का श्रेय देते हुए कहा कि महापौर सुनीता दयाल के मार्गदर्शन में वार्ड 83 के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। कार्य शुरू होने पर स्थानीय नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए पार्षद का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पं. गिरधारी लाल शास्त्री, दुर्गा प्रसाद, दीपक गुप्ता, बब्लू, प्रमोद, जमील, रामासरे चौधरी, सौरभ चौधरी, मनोज शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, अनिल जुल्का, शिवम भारती, मुंशी, प्रथम शर्मा सहित भारी संख्या में इंदिरा कॉलोनी के निवासी उपस्थित रहे।

## नोएडा में सीवेज संकट का स्थायी समाधान छलेरा व सेक्टर-44 में नए सम्पवेल का उद्घाटन



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के ग्राम छलेरा एवं सेक्टर-44 के ए, बी और सी ब्लॉक की सभी सोसायटियों में सीवेज की समस्याओं का स्थायी समाधान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करूणेश के निर्देश पर जन स्वास्थ्य विभाग ने कर दिया है। यहां 419.92 लाख की लागत से नवनिर्मित सम्पवैल का उद्घाटन विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग क्रे महाप्रबन्धक (जल) ने बताया कि नोएडा क्षेत्र में बढ़ते आबादी घनत्व को देखते हुए सीईओ के निर्देश पर ग्राम छलेरा एवं सेक्टर-44 के ब्लॉक ए, बी, सी व स्थापित सोसाइटीज की सीवेज समस्या के निस्तारण के लिए नवनिर्मित सम्पवैल का उद्घाटन मंगलवार को विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि नव निर्मित सम्पवैल की उत्सर्जन क्षमता 10 एमएलडी की है, जिसकी निर्माण लागत 419.92 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि स्थापित सम्पवैल से ग्राम छलेरा एवं सेक्टर-44 के ब्लॉक ए, बी, सी व स्थापित सोसाइटीज में उत्सर्जित सीवेज का निस्तारण सीवेज ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट, सेक्टर-168 में पाइप लाइन द्वारा राइजिंगमेन के माध्यम से किया जा रहा है।

# इंदिरापुरम में भगवान महावीर जन्मोत्सव पर निकली रथयात्रा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2626वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंगलवार, को पार्श्वनाथ जैन मंदिर, इंदिरापुरम द्वारा रथयात्रा निकाली गई। भक्तिमय माहौल और आकर्षक झांकियां

रथयात्रा का शुभारंभ पार्श्वनाथ जैन मंदिर से हुआ, जो नीति खंड, वैभव खंड, शिप्रा सनसिटी, अहिंसा खंड, नीति खंड-2 और शक्ति खंड के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर जी पहुँची। यात्रा में सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। नासिक बैंड और सरदार बैंड की सुमधुर भजनों की धुनों पर भक्त भक्ति में सराबोर होकर नृत्य करते नजर आए।

जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत भक्तों में भगवान के रथ को लेकर अपार उत्साह देखा गया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने रथ का स्वागत किया और भगवान की आरती उतारकर पुण्य लाभ कमाया। कई भक्तों ने भावना व्यक्त की कि वर्ष में एक बार आने वाले इस अवसर पर भगवान उनके द्वार तक आए, यह उनके लिए परम सौभाग्य की बात है। धार्मिक अनुष्ठान और अभिषेक शोभायात्रा के मंदिर वापस पहुँचने पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। सौधर्म इंद्र व अन्य इंद्रों द्वारा भगवान महावीर स्वामी का विधि-विधान से मंगल मष्तकाभिषेक किया गया। इस अवसर ओर मंदिर समिति के अभिनव जैन, आकाश जैन, अनुराग जैन, संजय जैन, अनंत जैन, विवेक जैन, ऋषभ जैन, विशाल जैन, अंकित जैन, सुधीर जैन और विनय जैन आदि लोग मौजूद रहे।

# जेएमएसआईटी कॉलेज में 'गूंज-2026' का आयोजन

### मैनेजमेंट क्लब ने जीता प्रथम पुरस्कार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना स्थित जेएमएसआईटी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'गूंज-2026' उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस महोत्सव में संस्थान के चार प्रमुख क्लबों ने 24 विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मैनेजमेंट क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21,000 रुपए की नकद राशि जीती। टेक्निकल क्लब दूसरे स्थान (11,000 रुपए) पर रहा, जबकि कंप्यूटर एप्लीकेशन और मेडिकल क्लब ने क्रमशः तीसरा व चौथा स्थान प्राप्त कर 5,000-5,000 रुपए के पुरस्कार जीते।

हैकाथॉन, प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, क्विज और बिजनेस मॉडल प्रतियोगिताएं। नृत्य, संगीत, नाटक, फैशन शो और रील मेकिंग। छात्रों द्वारा लगाए गए फूड एवं गेम स्टॉल्स ने उद्यमिता का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह (विद्युत निगम, उ.प्र. सरकार) और कॉलेज के चेयरमैन राकेश सिंहल ने विद्यार्थियों के कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में महासचिव डॉ. हिमांशु सिंहल और कॉलेज प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता सिमल शर्मा ने अपनी बेटी ट्विंकल शर्मा के जन्मदिन पर अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। बिटिया को आशीर्वाद के साथ सिमल शर्मा ने अपनी पुत्री के सर्व कल्याण और सर्व मंगल की कामना की। जन्मदिन की खुशियों का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन का दावा, अमेरिका की सख्त चेतावनी

## रक्षा मंत्री बोले- नया शासन समझौता करे, वरना बढ़ेगी सैन्य कार्रवाई

**ट्रंप डील के लिए तैयार नाटो के भविष्य पर भी जल्द फैसला**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। उन्होंने कहा कि नया शासन समझदारी दिखाए और अमेरिका के साथ समझौता करे। राष्ट्रपति ट्रंप डील के लिए तैयार हैं, लेकिन शर्तें न मानने पर सख्त सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, नाटो पर कहा कि ट्रंप इस संगठन के भविष्य का फैसला जल्द करेंगे।

ईरान को लेकर दुनिया की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। इस बयान के साथ ही अमेरिका ने साफ कर दिया है कि अब हालात पहले जैसे नहीं हैं। इस्राइल और अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बीच यह बयान ऐसे समय आया है, जब पूरे मध्य पूर्व में तनाव चरम पर पहुंच चुका है और हालात तेजी से बदल रहे हैं।

पीट हेगसेथ ने पेंटागन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि ईरान में अब नया शासन है और उसे पहले से ज्यादा समझदारी दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए तैयार हैं और उसकी शर्तें ईरान को पहले से पता हैं। लेकिन उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर ईरान इन शर्तों को नहीं मानता, तो अमेरिकी सेना और ज्यादा ताकत के साथ हमला जारी रखेगी।

क्या ईरान में सच में सत्ता परिवर्तन हुआ है?

हेगसेथ के मुताबिक, पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को सत्ता दी गई है। अली खामेनेई करीब चार दशकों तक ईरान के सर्वोच्च नेता रहे। हालांकि मोजतबा खामेनेई अब तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या वास्तव में नया शासन पूरी तरह स्थापित हो चुका है या स्थिति अभी भी अस्थिर है।

अमेरिका ने दावा किया है कि वह ईरान के नेताओं के साथ बातचीत कर रहा है। लेकिन यह साफ नहीं है कि ईरान की ओर से बातचीत कौन कर रहा है। इस वजह से कूटनीतिक स्थिति अस्पष्ट बनी हुई है। अमेरिका एक तरफ बातचीत की बात कर रहा है, तो दूसरी तरफ सैन्य दबाव भी बढ़ा रहा है।

हेगसेथ के अनुसार अमेरिकी हमलों से ईरानी सेना का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने कहा कि कई कमांड बंकर तबाह कर दिए गए हैं और कई नेता छिपने को मजबूर हो गए हैं। बिजली, पानी और कम्युनिकेशन जैसी सुविधाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि इससे ईरानी सेना में भगदड़ और निराशा बढ़ रही है।

### क्या अमेरिका सैन्य कार्रवाई और तेज करेगा?

हेगसेथ ने कहा कि अगर ईरान समझौता नहीं करता है, तो अमेरिकी सेना और ज्यादा आक्रामक कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमलों में कमी आई है। वहीं अमेरिका ने 200 से ज्यादा डायनामिक स्ट्राइक किए हैं। इन हमलों में रियल टाइम जानकारी के आधार पर नए लक्ष्य तय किए गए और उन्हें निशाना बनाया गया।

### नाटो को लेकर क्या बोले हेगसेथ?

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने नाटो को लेकर कहा कि इस संगठन के भविष्य का फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे और यह निर्णय ईरान में चल रहे अभियान के खत्म होने के बाद लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम ने यह साफ कर दिया है कि अमेरिका के सहयोगी देश कितनी मदद करने को तैयार हैं। हेगसेथ ने तंज कसते हुए कहा कि कई देशों ने अतिरिक्त मदद या सैन्य सहयोग देने में हिचक दिखाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका को सवाल, रुकावटें और झिझक का सामना करना पड़ा। उनके मुताबिक, अगर जरूरत के समय सहयोगी देश साथ नहीं खड़े होते, तो ऐसे गठबंधन का कोई खास मतलब नहीं रह जाता।

# पाकिस्तान में सरकारी स्कूल पर हमला, उग्रवादियों ने अपना झंडा फहराया, सेना के साथ मुठभेड़ में नौ ढेर



**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में उग्रवादियों के एक समूह ने एक सरकारी स्कूल पर कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं उग्रवादियों ने स्कूल पर पाकिस्तान का झंडा उतारकर अपना झंडा लहरा दिया। इसके बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में नौ उग्रवादी मारे गए। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सरकारी स्कूल पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले के बाद सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम नौ उग्रवादी मारे गए। पाकिस्तान पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### उग्रवादियों ने सरकारी स्कूल पर किया हमला

पुलिस ने बताया कि सोमवार को उग्रवादियों ने खैबर जिले के बारा तहसील के आका खेल इलाके में स्थित गवर्नमेंट हाई स्कूल ख्वाजा मीर कलाय पर हमला कर दिया। हमलावरों का मकसद स्कूल भवन पर कब्जा करना था। हमले के दौरान उग्रवादियों ने स्कूल से पाकिस्तान का राष्ट्रीय ध्वज उतारकर अपनी झंडा फहरा दिया।

### मुठभेड़ में नौ उग्रवादी ढेर

इसकी सूचना मिलते ही पाकिस्तानी सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने नौ उग्रवादियों को मार गिराया और स्कूल पर दोबारा कब्जा हासिल कर लिया। इसके बाद स्कूल पर फिर से पाकिस्तान का राष्ट्रीय ध्वज फहरा दिया गया। अभी तक किसी उग्रवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उग्रवादियों ने हमले के दौरान स्कूल पर कब्जे और झंडा फहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जारी किया था, जिसका उद्देश्य प्रचार करना बताया जा रहा है। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया, ताकि किसी भी फरार उग्रवादी और उनके सहयोगियों को पकड़ा जा सके। फिलहाल स्कूल परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है और हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

# अमेरिका को स्पेन के बाद इटली से भी झटका ईरान युद्ध में अपनी जमीन के इस्तेमाल से किया इनकार



**रोम।** ईरान के संघर्ष के बीच अमेरिका को स्पेन के बाद अब इटली से भी झटका लगा है। दरअसल, इटली ने तेहरान के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए अमेरिकी विमानों को सिसिली स्थित उसके एक अहम हवाई अड्डे का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार किया है। रॉयटर्स ने की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में स्पेन के बाद इटली ऐसा सहयोगी देश बना गया है, जिसने अमेरिका को अपनी सैन्य सुविधाओं से वंचित किया है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने अब अब तक इस संघर्ष में सैन्य रूप से शामिल होने की कोई इच्छा नहीं दिखाई है। इससे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के भीतर भी तनाव पैदा हो गया। इतालवी दैनिक कोरिएरे डेला सेरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने पश्चिम एशिया जाने से पहले सिनोनेला हवाई अड्डे पर कुछ अमेरिकी बमवर्ष विमानों को उतारने की अनुमति मांगी थी। स्पेन ने अमेरिकी विमानों के लिए बंद किया हवाई क्षेत्र इससे पहले स्पेन ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने का एलान किया। स्पेनिश रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा था, हम ईरान के साथ जंग से जुड़ी किसी भी कार्रवाई के लिए न तो सैन्य अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति देते हैं।

### ट्रंप की खर्ग द्वीप पर हमले की चेतावनी

ईरान युद्ध को एक महीने से ज्यादा समय हो चुका है। लेकिन तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि उनका देश ईरान में अपने सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए एक और अधिक समझदार शासन के साथ गंभीरता से बातचीत कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने खर्ग द्वीप पर हमले की चेतावनी भी दी।

ट्रंप ने कहा, बातचीत में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अगर किसी भी वजह जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है (जिसकी बहुत अधिक संभावना है)और अगर होर्मुजलडमरूमध्य व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खर्ग द्वीप को पूरी तरह तबाह कर देंगे, जिन्हें हमने जानबूझकर अभी तक छुआ नहीं है। उन्होंने लिखा, यह उन असंख्य सैनिकों और अन्य लोगों का बदला होगा, जिन्हें ईरान ने पिछले शासन के 47 वर्षों के आतंक के दौरान बेरहमी से मार डाला था। इस मामले पर ध्यान देने के धन्यवाद।

# पत्रकारों से बदसलूकी पर इस्राइली सेना की कार्रवाई, बटालियन को किया निलंबित, सेनाध्यक्ष ने जताया खेद

**यरुशलम।** इस्राइली सेना ने वेस्ट बैंक में पत्रकारों के साथ गलत व्यवहार करने वाली अपनी बटालियन को निलंबित कर दिया है। जांच में सैनिकों के व्यवहार और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। मुख्य सेनाध्यक्ष ने इसे गंभीर नैतिक चूक बताते हुए कहा कि सेना में ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

इस्राइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने वेस्ट बैंक के जुडिया और सामरिया इलाके में पत्रकारों के साथ अपने सैनिकों के गलत व्यवहार को स्वीकार किया है। चीफ ऑफ द जनरल स्टाफ की अगुवाई में हुई एक आंतरिक जांच के बाद सेना ने यह कदम उठाया है। यह मामला 'एरिया ए' में एक अवैध चौकी को खाली कराने के अभियान से जुड़ा है।



इस्राइली सेना ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि चीफ ऑफ द जनरल स्टाफ ने पत्रकारों के प्रति सैनिकों के आचरण की जांच पूरी कर ली है। जांच में पाया गया कि पत्रकारों के साथ व्यवहार के दौरान सैनिकों से कई गलतियां हुईं। रिपोर्ट के अनुसार, सैनिकों के व्यवहार के तरीके में कमियां थीं और उन्होंने सेना के आदेशों का उल्लंघन किया। सैनिकों ने प्रेस के सदस्यों के साथ बातचीत के लिए तय किए गए नियमों का पालन नहीं किया।

जांच के नतीजों से पता चला कि उस इलाके में तैनात सैनिकों ने सैन्य प्रोटोकॉल को नजरअंदाज किया। ऑपरेशन वाले क्षेत्रों में पत्रकारों के साथ कैसे पेश आना है, इसके लिए बने नियमों को तोड़ा गया। इन गलतियों ने यूनिट के अनुशासन और नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बटालियन को किया गया निलंबित

इन कमियों को देखते हुए इस्राइली सेना ने तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की है। सेना ने उस इलाके में तैनात बटालियन के ऑपरेशनल तैनाती को तुरंत निलंबित कर दिया है। सेना ने अपना रुख साफ करते हुए कहा कि वह प्रेस की आजादी का सम्मान करती है और उसे बढ़ावा देती है।

# इस्फहान पर अमेरिकी बंकर बस्टर हमला

## 2000 किलो बम से हथियार डिपो निशाना, आसमान में धुआं-आग का गुबार



**अमेरिका।** अमेरिका ने ईरान के इस्फहान शहर पर 2000 किलो के बंकर बस्टर बम से हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हमला एक हथियार डिपो पर किया गया। इस हमले के चलते इस्फहान के आसमान में आग और धुएं का विशाल गुबार देखा गया। इस हमले का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें धमाके के चलते खौफनाक मंजर दिखाई दिया।

ईरान के लिए रणनीतिक रूप से अहम क्यों है इस्फहान?

वाल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमले में बड़ी संख्या में विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। जिस जगह को निशाना बनाया गया, वह एक भूमिगत ढांचा था, जिसके लिए बंकर बस्टर बम का इस्तेमाल किया गया। इस्फहान ईरान का एक सैन्य सेंटर है और ईरान के परमाणु ठिकाने भी इस शहर के करीब ही स्थित हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी सोशल मीडिया पर हमले की वीडियो साझा की है। हालांकि अभी तक इस हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस्फहान की रणनीतिक अहमियत भी है और दावा किया जाता है कि ईरान के संवर्धित यूरेनियम का बड़ा हिस्सा, जो करीब 540 किलो है, इस्फहान के भूमिगत ठिकानों में ही रखा है।

### बेहद खास है अमेरिका का ये बंकर बस्टर बम

अमेरिका का बंकर बस्टर बम बेहद खास है और यह कंक्रीट के मजबूत ढांचे को भी भेदकर उसे तबाह कर सकता है। आम तौर पर भूमिगत ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ही इस खास बम का इस्तेमाल अमेरिका द्वारा किया जाता है। अमेरिका के खास बी-2 बॉम्बर विमान से इस बम को दागा जाता है। बी-2 बॉम्बर विमान की खासियत है कि ये आधुनिक एयर डिफेंस को भी चकमा दे सकता है और बेहद मजबूत माने जाने वाले ठिकानों को भी तबाह कर सकता है। बीते साल जब अमेरिका ने इस्फहान में ही ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था, तब भी अमेरिका ने ऐसे ही बंकर बस्टर बम और बी-2 बॉम्बर विमान का इस्तेमाल किया था।

# ईरान पर कार्रवाई तेज, अगला निशाना यूरेनियम

## नेतन्याहू बोले- मिशन आधे से आगे, परमाणु खतरे को खत्म करना लक्ष्य



**तेल अवीव।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिका-इस्राइल संयुक्त सैन्य अभियान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अब आधे से आगे पहुंच चुका है और इसका अगला मुख्य लक्ष्य ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को सुरक्षित करना या हटाना है। एक इंटरव्यू में न्यूजमैक्स से बातचीत करते हुए नेतन्याहू ने दावा किया कि इस अभियान में अब तक अहम सफलताएं हासिल हुई हैं। उनके मुताबिक, ईरान की सैन्य और परमाणु क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया गया है।

### ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान

नेतन्याहू ने बताया कि अमेरिका और इस्राइल की सेनाओं ने मिलकर ईरान के मिसाइल सिस्टम, हथियार फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई प्रमुख वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। इससे ईरान की युद्ध क्षमता को गंभीर झटका लगा है। उन्होंने कहा हमने उनकी मिसाइल क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है, फैक्ट्रियां तबाह कर दी हैं और उनके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अहम लोगों को खत्म किया है।

### अब यूरेनियम भंडार पर नजर

इस्राइली प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब ऑपरेशन का फोकस ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार पर है, जो परमाणु हथियार बनाने में सबसे अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस सामग्री को ईरान से हटाने और अंतरराष्ट्रीय निगरानी में देने की मांग की है।

# कनाडा में भारतीय मूल के युवक की गोली मारकर हत्या

**गैंगवार की आशंका, जांच में जुटी पुलिस**




**ओटावा।** कनाडा में भारतीय मूल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस को शक है कि यह हमला गैंगवार से जुड़ा हो सकता है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। फिलहाल हमलावरों की तलाश जारी है।

कनाडा के सरे शहर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान जसमन सेखों के नाम से हुई है, जिसकी उम्र 27 साल बताई जा रही है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला संगठित अपराध यानी गैंगवार से जुड़ा हो सकता है। पुलिस को शक है कि हमलावरों ने सोची-समझी साजिश के तहत इस वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, घटना सलीवन हाइट्स के एक टाउनहाउस कॉम्प्लेक्स में हुई।

चश्मदीदों के मुताबिक, एक काली एसयूवी ने जसमन का पीछा किया। इसके बाद गाड़ी से दो लोग उतरे और उन पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, जसमन की मौत हो गई। जांच टीम का कहना है कि जसमन पहले भी पुलिस के संपर्क में थे और उन पर ड्रग्स के कारोबार से जुड़े होने का शक है। शुरूआती जांच में यह मामला संगठित अपराध और गैंगवार से जुड़ा लग रहा है।

घटनास्थल के पास पुलिस को एक जलती हुई गाड़ी भी मिली है। पुलिस जांच कर रही है कि क्या हमलावरों ने इसी गाड़ी का इस्तेमाल किया था। सरे में पिछले 48 घंटों के भीतर गोलीबारी की यह चौथी घटना है, जिसके चलते इलाके में डर का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि दोषियों को पकड़ा जा सके।

# मानवीय विमान पर हमले से भड़का ईरान

## भारत आ रहे राहत मिशन विमान पर अमेरिकी स्ट्राइक, तेहरान ने बताया युद्ध अपराध



**तेहरान।** ईरान भारत के लिए उड़ान भर रहे मानवता मिशन विमान पर अमेरिकी हवाई हमले के बाद आगबबूला है। घटना के बाद ईरान ने इसे युद्ध अपराध करार दिया और अमेरिका पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

रिपोर्टों के अनुसार, महान एयर का यह विमान ईरान के मशहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला था। यह विमान मानवीय सहायता मिशन के लिए नई दिल्ली आने वाला था, जहां से उसे राहत सामग्री ले जानी थी। हमले से विमान क्षतिग्रस्त हो गया और पूर्व नियोजित मानवीय सहायता मिशन बाधित हो गया। ईरान ने जताई कड़ी नाराजगी भारत में ईरानी दूतावास ने कहा कि सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन के नियमों के अनुसार, मानवीय मिशनों में लगे नागरिक विमानों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। दूतावास ने लिखा दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों को ले जा रहे इस ईरानी विमान पर हमला करना युद्ध अपराध है। ईरानी दूतावास ने बताया कि शिकागो कन्वेंशन (1944) और मॉन्ट्रियल कन्वेंशन (1971) के तहत, नागरिक विमानों पर हमले अंतरराष्ट्रीय अपराध माने जाते हैं।

### 1 अप्रैल को नई दिल्ली पहुंचना था विमान

बताया जा रहा है कि यह विमान आज सुबह 4 :00 बजे पहुंचने वाला था। इस घटना के बाद देश में नागरिक उड्डयन की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बता दें कि, महान एयर एक निजी स्वामित्व वाली ईरानी एयरलाइन है जो पश्चिम एशिया, मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिणपूर्व एशिया और पूर्वी एशिया के कई देशों में उड़ानें संचालित करती है।

### विमान को भारत से ले जानी राहत सामग्री

क्षतिग्रस्त हुए विमान को भारत से दवाइयों सहित 11 टन मानवीय सहायता ईरान ले जानी थी। पहले की खेपों में भारतीय उड़ानों का इस्तेमाल नहीं किया गया था। ईरान के लिए भारत की पहली सहायता खेप 18 मार्च 2026 को भेजी गई थी। तब भारत ने कहा था कि यह सहायता दोनों देशों के बीच दोस्ती और सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक है।

# ईरान ने दिखाई सैन्य ताकत, अमेरिका को खुली चुनौती

- हमले की स्थिति में करारा जवाब, चेचन लड़ाके भी तैयार
- होर्मुज जलडमरूमध्य पर नए नियम, अमेरिकी जहाजों पर रोक



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के संभावित जमीनी हमले को लेकर ईरान ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी आक्रमणकारी के पैर काट दिए जाएंगे। उसने कहा कि रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान का साथ दे सकते हैं।

ईरान ने मंगलवार को एक बार अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी। उसने कहा कि अगर कोई देश उस पर हमला करता है, तो उसकी सेना उसे कड़ा जवाब देगी। तेहरान में इस्लामी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अनबिया मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाघरी ने कहा, ईरान की सशस्त्र सेनाएं देश पर हमला करने वाले किसी भी हमलावर के पैर काट देंगी। ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी।

प्रेस टीवी के मुताबिक, रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं, खासकर अगर अमेरिका जमीनी हमला करता है। इस बीच, वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। भले ही होर्मुज जलडमरूमध्य बंद ही क्यों न रहे।

### सैन्य अभियान को कम करने के लिए तैयार हैं ट्रंप?

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा कि वह ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर कम करने के लिए तैयार हैं, चाहे होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद ही क्यों न रहे। इस फैसले से इस अहम जलमार्ग पर तेहरान का नियंत्रण बढ़ सकता है। इसे फिर से खोलने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। ट्रंप ने संकेत दिया कि ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमता को कमजोर करने जैसे बड़े लक्ष्य हासिल किए जा चुके हैं, इसलिए अब इस संघर्ष को खत्म किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि समुद्री अभियान में लंबे समय तक उलझे बिना अपने मुख्य सैन्य लक्ष्यों को हासिल करके अमेरिका जीत का दावा कर सकता है।

### अमेरिकी-इस्राइली जहाजों को नहीं मिलेगी होर्मुज से गुजरने की अनुमति

इसके अलावा, इस योजना में अमेरिकी और इस्राइली जहाजों के गुजरने पर रोक लगाई गई है। साथ ही, ईरान के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंध लगाने वाले देशों के जहाजों को भी इस मार्ग से गुजरने की अनुमति नहीं होगी। इसमें ओमान के साथ मिलकर कानूनी ढांचा तैयार करने की बात भी कही गई है। ये फैसले पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका-इस्राइल गठबंधन के बीच जारी संघर्ष के बीच लिए गए हैं, जो अब दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से दुनिया के तेल का बड़ा हिस्सा गुजरता है।

### ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य प्रबंधन योजना को मंजूरी

वहीं, ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने होर्मुज जलडमरूमध्य प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, योजना में इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने का प्रावधान है। इस योजना में जलडमरूमध्य की सुरक्षा, जहाजों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, वित्तीय व्यवस्था और रियाल आधारित टोल सिस्टम लागू करने जैसे अहम बिंदु शामिल हैं।

# भारत में ब्रिक्स मीटिंग, रूस का बढ़ेगा सहयोग

## लावरोव लेंगे हिस्सा, वैश्विक एजेंडे पर होगी चर्चा

- द्वपक्षीय रिश्तों को नई दिशा देने पर जोर



**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव इसी साल 14-15 मई को होने वाली ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत का दौरा करेंगे। भारत की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की रूपरेखा तय करना है। इस दौरान लावरोव और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच अलग से विशेष बैठक भी होगी।

भारत और रूस के अटूट रिश्तों की कहानी में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। दरअसल, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव मई में भारत के दौरे पर आने वाले हैं। खबरों के मुताबिक, लावरोव यहां आयोजित होने वाली ब्रिक्स (इफ्क्क्उर) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इतना ही नहीं, उनकी भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अलग से एक विशेष बैठक भी होगी।

रूसी समाचार एजेंसी टास के अनुसार, उप-विदेश मंत्री रुडेंको ने कहा कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव 14 और 15 मई को होने वाली ब्रिक्स मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसी मंच पर समझौतों के सामान्य प्रारूप तय किए जाएंगे, जिन्हें भारत की अध्यक्षता में आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पेश किया जाना है।

गौर करने वाली बात यह है कि वर्ष 2026 में ब्रिक्स की कमान भारत के हाथों में है। इस बार भारत की अध्यक्षता का मूल विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' रखा गया है। यह विषय सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को बताता है। वर्ष 2025 में पीएम मोदी ने रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 'मानवता प्रथम' की बात कही थी।

वहीं, मार्च महीने में ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि दुनिया में तेजी से उभरती बहुध्रुवीय व्यवस्था के लिए ब्रिक्स, एससीओ, जी20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर आपसी सहयोग को बढ़ाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान रूस के साथ मिलकर साझी चुनौतियों का समाधान निकालने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ब्रिक्स की बात करें तो यह सफर वर्ष 2006 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर 'ब्रिक' (इफ्क्क्) के रूप में शुरू हुआ था। इसके बाद 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में इसका पहला शिखर सम्मेलन हुआ। 2010 में दक्षिण अफ्रीका के जुड़ने से यह 'ब्रिक्स' (इफ्क्क्उर) बना। समय के साथ यह संगठन लगातार बड़ा होता गया। जनवरी 2024 से मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई इसके पूर्ण सदस्य बने और जनवरी 2025 में इंडोनेशिया भी इसमें शामिल हो गया। इसके अलावा 2025 में ही बेलारूस, क्यूबा, मलेशिया, थाईलैंड और वियतनाम समेत 10 देशों को 'पार्टनर कंट्री' का दर्जा दिया गया है।

### विदेश मंत्री जयशंकर के साथ लावरोव की बैठक

हालांकि, यह सिर्फ ब्रिक्स की बैठकों तक ही सीमित नहीं रहने वाला है। रुडेंको ने जानकारी दी कि ब्रिक्स के आयोजनों के सिलसिले में ही विदेश मंत्री लावरोव की एक अलग से भारत की कामकाजी यात्रा भी तय की गई है। इस दौरान वे भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इस बैठक में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों को और ज्यादा मजबूत करने पर चर्चा होगी।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर मंडल कार्यालय में बैठक

## राजा वर्मा के मार्गदर्शन से बढ़ा कार्यकर्ताओं का उत्साह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा शहर मंडल में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर मंडल कार्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा पहुंचे, जहां उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की।

राजा वर्मा के अनुभव और संगठनात्मक समझ का कार्यकर्ताओं को लाभ मिला। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग को लेकर व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राजा वर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ होता है। इससे कार्यकर्ताओं को विचारधारा और कार्यशैली की स्पष्ट समझ मिलती है। सभी कार्यकर्ता अनुशासन और समर्पण के साथ इसमें भाग लें, जिससे संगठन और मजबूत हो सके। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष महिम गुप्ता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिनमें रामपाल मलिक, फकीर चंद आर्य, राहुल तोमर, अतरपाल कौशिक, कर्मवीर सिंह, नीरज गुप्ता, कन्हैया शर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी ने प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी का भरोसा जताया।

# परिवारिक विवाद में गई शिक्षक की जान

## पत्नी के मायके जाने के बाद सुलह की कोशिश बनी मौत का कारण




नितिन, मृतक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक टीचर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 30 मार्च की देर शाम टीचर अपने छोटे भाई के साथ ससुराल जा रहा था। वहां से करीब 800 मीटर पहले उसके ससुर 4-5 लोगों के साथ मिल गए। यहां दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और देखते ही देखते सभी ने दोनों भाइयों को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

इसी बीच मौका पाकर छोटा भाई वहां से भाग निकला, लेकिन आरोपियों ने अपने दामाद को पकड़कर बेरहमी से पीटा और उसे मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। परिजनों के मुताबिक, 28 मार्च को पत्नी के देर से उठने पर टीचर ने उसे डांट दिया। इसके बाद पत्नी नाराज होकर मायके चली गई। इसी विवाद को सुलझाने के लिए वह ससुराल जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को रास्ते में एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल टीचर को अस्पताल भेजा गया।

वहां से हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कॉलेज में दोनों की हुई थी मुलाकात

मृतक की पहचान लोनी के गीतांजलि विहार निवासी 32 वर्षीय नितिन राठी के रूप में हुई है। नितिन एक प्राइवेट कॉलेज में शिक्षक था। वहीं उसकी मुलाकात मुस्कान नाम की युवती से हुई, जो बीएड की पढ़ाई कर रही थी। दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई और बाद में यह रिश्ता प्रेम में बदल गया। अलग-अलग धर्म के होने के कारण परिवार वाले शादी के लिए राजी नहीं थे। सुलह करने के लिए ससुराल जा रहे थे परिजनों के मुताबिक, 28 मार्च को मुस्कान देर से उठी, जिस पर नितिन ने उसे डांट दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और मुस्कान गुस्से में मायके चली गई। देर शाम युवती के चाचा आसिफ का फोन आया, जिन्होंने समझौता कराने के लिए नितिन को बुलाया, लेकिन उस दिन वह नहीं गया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि किस नामित पार्षद ने शपथ लेने के बाद किया अनुभवी निर्वाचित पार्षद के दफ्तर की ओर रूख? वो जानना चाहते थे कि क्या क्या मिलेंगी सुविधायें और क्या रहेगा सुख? सुना है निर्वाचित वाले देखते रहे काफी देर तक नामित वाले का मुख? फिर उन्होंने दे दी सिर्फ एक ही एडवाईज? कहा कुछ भी कहने से पहले भांप लेना पहले उनका रूख? वरना वो कर देती हैं अपने बिहेव से सामने वाले को सरप्राईज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वस्त्र वाले पूर्व महामंत्री क्या अब ले चुके हैं भगवा सियासत से क्या वीआरएस? वो अब नहीं जाते किसी जनसभा में और नहीं रखते हैं संगठन की सियासत से कोई सरोकार? क्या हो गया इस अनुभवी भगवाई का भगवाई सियासत से मूड खिन्न? क्या अब वो कर रहे हैं खुद को फोकस केवल कारोबार पर? नहीं है उनका पॉलिटिक्स में कोई मन? मगर सुना है जब भी कोई उनके पास जाता है तो वो कहते हैं, भले ही हमें कुछ ना मिले? भगवा के साथ ही रहेंगे हम हर दम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हेम ने जब खोले अपने मन के राज? तब उन्होंने कर दिया रैली में पहेली बने मैम्बरों का पर्दाफाश? उन्होंने भरी मीटिंग में लिया फोन स्विच ऑफ करने वाले सिसौदिया का नाम? कहा इनकी तो छोड़ो हमारे क्षेत्र के संत तो राम का नाम लेकर कर रहे थे आराम? ये भी नहीं हुए टस से मस? नहीं भरी इन्होंने भी बस? कहने वाले ने कहा असहयोगियों में मैडम सिंह का नाम भी लिखकर बात को कर देना बस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही वो सबसे यंगेस्ट नोमिनेट होने का ले रहे हैं श्रेय? मगर हमें लग रहा है उन्हें दो मजबूत दोस्तों के संरक्षण की वजह से संगठन से नहीं लग रहा है भय? सुना है इन्होंने भी बस वाले मैटर में कर दिया बस? ये भी बस को भरने वाले मैटर में नहीं हुए टस से मस? इन्होंने पूरी तरह से दिखाई अपने ईरादों की शाम? सवेरे में इन्होंने बस भरी ही नहीं श्रीमान? सुना है संगठन वालों ने शॉटलिस्ट कर लिया है अब इस चेहरे का नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कह दिया संगठन वाले ने इस बार हम नहीं देंगे बिल्कुल भी मैम्बर चौधरी की दुहाई? भले ही वो अपना कितना ही बल टिकट लाने के लिए दिखा दें इस बार? कहने वाले ने कहा कि जिस चेहरे ने बस भरने में बिल्कुल भी रूचि ना दिखाई हो? उसको भला हम कैसे करेंगे स्वीकार? देखना नाम इस बार उस चेहरे का भेजेंगे जिसने बसों को भरने में निभाया हो अपना किरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात को भी आप अपने सवालों में कर देना मेंशन? कहां गये वो मिस्टर चौधरी जिन्हें पार्टी ने भेजा था एक्सटेंशन? बस भरने के नाम पर तो उन्होंने नहीं उठाया किसी का भी फोन? एंगेज आती रही उनकी टोन? कहने वाले ने कहा हम बैठे थे संगठन वालों के पास? वो बोल रहे थे, जैसा चौधरी ने दिया वैसा इस बार हम भी देंगे उनका साथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें नहीं पता था भगवा जय सोशल मीडिया पर आकर अपना इतना जबरदस्त अंदाज दिखायेंगे? हमें नहीं पता था कि वो इस तरह उनके खिलाफ खुलकर आयेंगे? हमें नहीं पता था कि वो अपने वॉर्ड के विकास को लेकर उठायेंगे इतना नुकसान? कहने वाले ने कहा कि जो बोला समझो हो गया उसका मामला कुर्बान? कहने वाले ने कहा कि जय अभी शांत नहीं होंगे? उन्होंने अपने तरकश में रखे हुए हैं और भी तीर? वो दूध का दही बना देंगे, मगर नहीं बनने देंगे उसकी खीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बता रहे हैं आपको नदियापार के भगवा मैम्बर का जलवा? अब तो कढ़ाई भी उनकी है और उनका है हलवा? सुना है मैम्बर बनने के बाद इनके बदल गये हैं अंदाज? पहले वो स्कॉर्पियो लाये? अब उन्होंने शॉट मारा है जोरदार? अब एक साईड पर खड़ी होती है स्कॉर्पियो तो दूसरी तरफ खड़ी होती है थार? कहने वाले ने कहा अब दिलजलों का भी क्या कहना? कोई भले ही पॉजिटिव वे में कर रहा हो तरक्की? मगर इन जैसों को तो करना है नेगेटिव वाला प्रचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार वाले भगवा चौधरी तक पहुंचा दो ये पैगाम? अपनी थार से वो पानी की बोतलें निकालकर बाहर रख दें? उन्हें देखकर चर्चा करने वाले कर रहे हैं कुछ और ही काम? कह रहे हैं जिन बोतलों ने बुझानी थी रैली में जाने वाले कार्यकर्ताओं की प्यास? वो आजतक क्यों रखी हुई हैं चौधरी साहब के पास? कहने वाले ने कहा भले ही ये हो चौधरी का खुद का सौदा? मगर बनाने वाले तो बनाते हैं अपने हिसाब से मसौदा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जितनी हाथ की लकीरें, उतना ही चलता है इंसान? जितनी भरी खिलौने में चाबी उतना ही उस खिलौने को चलाते हैं श्रीमान? सुना है भगवा टीम में वाईस प्रेसिडेंट बने एक चेहरे ने कार्ड वाले आधार पर माईनस की थी अपनी डेट? मामला हो भी गया था उनका अपडेट? मगर ये कला उनके काम ना आयी? उनका मामला वाईस प्रेसिडेंट वाले मैटर में हुआ अपडेट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# हरौला में शुरू हुआ नया वाटर एटीएम

## 1200 लीटर प्रति घंटे क्षमता, लोगों को मिलेगा मुफ्त शुद्ध व ठंडा पेयजल




**नोएडा।** औद्योगिक शहर नोएडा के निवासियों को गर्मी के मौसम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के प्रयासरत नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्णा करुणेश के निर्देश पर जल विभाग द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से ग्राम-हरौला, सेक्टर-4/5 के समीप आज नवनिर्मित 9वें वाटर एटीएम का उद्घाटन विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। इस वाटर एटीएम को प्रातः 7 से 12 बजे तक तथा सांय 5 से रात 8 बजे तक प्रतिदिन चलाया जायेगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि हरौला क्षेत्र के निवासियों द्वारा इस वाटर एटीएम से आम जनमानस को स्वच्छ शीतल पेयजल आपूर्ति निःशुल्क प्रदान की जायेगी। इस वाटर एटीएम की क्षमता 1200 लीटर प्रति घंटा है। जो लोगों को आरो के मानक के अनुसार स्वच्छ जल प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि जल विभाग द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिसॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत स्थापित इस एटीएम में कई शुद्धिकरण प्रक्रिया का प्रयोग किया गया है, जिसमें फिल्ट्रेशन कार्य, 5-10 माइक्रोन फिल्ट्रेशन और फिल्ट्रेशन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जल की कठोरता, फ्लोराइड, क्लोराइड और अन्य अशुद्धियों को दूर करने के लिए रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) तकनीक का भी उपयोग किया गया है।

# भगवान महावीर के संदेशों से ही संभव है विश्व शांति : राम दुलार यादव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा 'ज्ञानपीठ केंद्र' में भगवान महावीर जन्मोत्सव को 'मानव कल्याण, शांति और अहिंसा दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष और मुख्य वक्ता राम दुलार यादव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद और पाखंड पर प्रहार करते हुए कहा कि महावीर स्वामी के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने चिंता व्यक्त की कि आज हिंसा, शोषण और धन संग्रह की होड़ मची है, जिसका समाधान केवल नैतिक आचरण और अहिंसा में ही निहित है।

कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह ने पाखंड पर चोट की और हुकुम सिंह ने गीतों के माध्यम से सद्भाव व प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. देवकर्ण चौहान ने की और संचालन अनिल कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान अवधेश कुमार मिश्र, धीरेंद्र यादव, कैलाश चंद्र, जगन्नाथ प्रसाद सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।



# नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## 4 आरोपी गिरफ्तार, लैपटॉप-मोबाइल समेत सामान बरामद



क्रूज जॉब के नाम पर ठगी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** देश-विदेश की क्रूज पर नौकरी दिलाने, मेडिकल फिटनेश चेकअप कराने, वर्क आर्डर व वीजा दिलवाने के बहाने धोखाधड़ीकरने वाले एक फर्जी कॉल सेन्टर का भंडाफोड़.करते हुए थाना सेक्टर-63 एवं साइबर टीम ने संयुक्त प्रयास से 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 4 लैपटाप, 11 मोबाइल फोन व 9 विभिन्न बैंकों के डेबिट कार्ड, 12 हजार नकद रुपये व 9 ऑफिसियल ऑफर लेटर, 3 सेट स्क्रिप्ट व पिच, 1 प्रति मेडिकल सेंटर, 1 मेडिकल रेफरल लेटर, 5 सेट मेडिकल सर्टिफिकेट, 6 वर्क कैंडिडेट कालिंग लिस्ट सहित अन्य सामान बरामद किया है। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा सोशल मीडिया (फेस बुक, इस्ट्राग्राम व अन्य ऐप्प आदि) के माध्यम से अपनी फर्म के विषय में प्रचार-प्रसार करके देश-विदेश की क्रूज पर नौकरी देने, मेडीकल फिटनैश चेकअप कराने, वर्क आर्डर व वीजा दिलवाने के बहाने लडकों व लडकियों को अपनी बातों मे फंसाकर उनसे किस्तों में मेडिकल चेकप के लिये 10 हजार रुपये व ट्रेनिंग कराने के बहाने 45 हजार रुपये व वर्क आर्डर व वीजा दिलवाने में सहायता करने के नाम पर 25 हजार रुपये ट्रांसफर व कैश के रुप मे लेते थे तथा पैसा लेने के बाद हम लोग अपने मोबाइल को बन्द कर देते थे व आफिस अन्य स्थान पर शिप्ट कर लेते थे।

अभियुक्तों ने पुलिस को बताया है कि वर्तमान समय फर्म का जीएसटी नम्बर नहीं मिला है जिसके कारण पैसा अपने व अपने साथियों के बैंक खातों में लेते थे। इस मामले में पुलिस अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

# यूपीपीएससी में 24वीं रैंक हासिल कर निकिता पंडित ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

## विधायक अजीत पाल त्यागी ने दी शुभकामनाएं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महेन्द्रा एनक्लेव निवासी निकिता पंडित ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) परीक्षा में 24वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लगातार बधाइयों का सिलसिला जारी है। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने निकिता पंडित को इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निकिता की मेहनत और लगन अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

पार्षद समेत अन्य लोगों ने भी जताई खुशी पार्षद अमित त्यागी ने भी निकिता पंडित को यूपीपीएससी में चयन होने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रामपाल मलिक, फकीर चंद आर्य, राहुल तोमर, अतरपाल कौशिक, कर्मवीर सिंह, नीरज गुप्ता, कन्हैया शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने निकिता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# इबरत खान हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## कारोबारी रंजिश में मारी गोली, अवैध पिस्टल व मोबाइल बरामद





**हापुड़ (करंट क्राइम)।** कपूरपुर थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुई इबरत खान की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी तैय्यब को गिरफ्तार किया है। आरोपी तैय्यब की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन, हत्या में इस्तेमाल की गई अवैध पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक टीवीएस मोपेड बरामद की गई है।

एएसपी विनीत भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक इबरत खान और आरोपी तैय्यब के बीच पहले व्यावसायिक संबंध थे। इबरत खान पहले तैय्यब के यहां से कपड़ा लेकर फेरी लगाता था। करीब डेढ़ माह पहले इबरत ने तैय्यब के साथ काम करना बंद कर दिया और मजीदपुरा मोहल्ले में अपना अलग गोदाम बनाकर खुद का कारोबार शुरू कर दिया। इससे तैय्यब का कारोबार प्रभावित हुआ और वह इबरत से नाराज था।

पुलिस पूछताछ में तैय्यब ने बताया कि उसने कई बार इबरत को फिर से साथ काम करने के लिए समझाया, लेकिन इबरत नहीं माना। इसी बात को लेकर तैय्यब के मन में रंजिश बढ़ती गई। इस रंजिश के चलते तैय्यब ने इबरत खान को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। योजनानुसार मौका पाकर उसने इबरत खान को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लिफ्ट में फंसने की घटनाएं थमने का नहीं ले रही नाम

## 15-20 मिनट तक अंदर फंसी युवती, बिल्डर प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटियों में लोगों के लिफ्ट में फंसने की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। ताजा मामला सोमवार को एक बार फिर ग्रेनो वेस्ट हिमालय प्राइड सोसाइटी का सामने आया है। इस घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल हो रही है। इस सोसायटी में नवमी पर कन्या पूजन के बाद घर जा रही कुछ छोटी बच्चियां व महिलाएं लिफ्ट में फंस गई थी। उसके बाद भी बिल्डर प्रबंधन द्वारा लिफ्ट के रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रेटर नोएडा के हाईराइज सोसाइटियों में लिफ्ट से जुड़े मामले थमने का नाम ही नही ले रहे हैं। आज फिर ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाईराइज सोसाइटी हिमालय प्राइड का मामला सामने आया है। यहां लिफ्ट अटकने के दौरान एक युवती लिफ्ट के अंदर करीब 15 से 20 मिनट तक फंसी रही। जिस वजह से युवती की हालत बहुत खराब हो गई।

सोसायटी के एओए सचिव मयंक मिश्रा ने बताया कि यहां रोजाना लिफ्ट खराब हो रही है। हाल ही में नवमी पर कन्या पूजन के बाद घर जा रही कुछ छोटी बच्चियां व महिलाएं लिफ्ट में फंस गई थी।

# युवक का शव फंदे पर लटका मिला : घरेलू विवाद के बीच संदिग्ध हालात में मौत, घर में मिला शव



**हापुड़।** हापुड़ के मोहल्ला कोटला मेवतियान में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अंकित के रूप में हुई है।

वह मोहल्ला कोटला मेवतियान निवासी महीपाल सिंह का पुत्र था। अंकित पल्लेदारी का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, अंकित के बड़े भाई प्रवीण की दो साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद प्रवीण की विधवा पत्नी सारिका का विवाह अंकित से करा दिया गया था। 20 दिन पहले विवादों से परेशान परिवार में अक्सर घरेलू विवाद होते रहते थे। पुलिस ने बताया कि अंकित और उसकी पत्नी सारिका के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। लगभग 20 दिन पहले इन विवादों से परेशान होकर अंकित के पिता महीपाल सिंह अपनी पत्नी और छोटे बेटे निक्की के साथ अपनी बेटी के घर चंडीगढ़ चले गए थे।

उस रात अंकित और सारिका के बीच फिर से विवाद हुआ। इसके बाद अंकित घर के ऊपर बने कमरे में चला गया। रात में जब सारिका उस कमरे में पहुंची, तो उसने अंकित का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा। उसने तुरंत शोर मचाया। सूचना मिलने पर अंकित के पिता महीपाल सिंह परिवार सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद यह घटना हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।